
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25


# श्रीकंचनपथ


लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



बेचना है
मेन्स वियर फर्नीचर
लकड़ी का कैश काउन्टर, लोहे का काउन्टर
पाईप, कांच, टफन ग्लास, तीन कुलर (बड़ा वाला)
इनवर्टर, बैटरी, पानी मशीन, लाईट, टीवी, डमी
संपर्क करें फ्रेंड्स कलेक्शन
जवाहर मार्केट 930144443



वर्ष- 15 अंक - 192 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### राजधानी में पूर्व विधायक देवती कर्मा के बंगले में चली गोली, सुरक्षा में लगे आरक्षक की मौत

**रायपुर।** पूर्व विधायक देवती कर्मा के रायपुर स्थित बंगले में शुक्रवार की सुबह फायरिंग होने से हड़कंप मच गया। घटना सुबह 7 से 8 बजे के बीच बताई जा रही है। गोली लगने से सुरक्षा में तैनात आरक्षक की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि यह फायरिंग हथियारों की सफाई के दौरान धोखे से हुई।

मिली जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक देवती कर्मा के सिविल लाइन के बंगले में सुरक्षा में लगे एपीसी राम कुमार दोहरे और प्रधान आरक्षक अजय सिंह पुलिस बैरेक में अपने हथियारो की नियमित सफाई कर रहे थे। इस दौरान पिस्टल से गोली चली। यह गोली राम कुमार की हथेली को चीरते हुए प्रधान आरक्षक अजय सिंह के दाहिने सीने में लगी। इसके बाद प्रधान आरक्षक अजय सिंह की मेकाहारा अस्पताल लाया गया जहां उसकी में मौत हो गई है। वहीं राम कुमार दोहरे का अस्पताल में इलाज जारी है।

### कोविड काल की 'लावारिस' लाशों को मिली सद्गति

**रायपुर।** राजधानी से हैरान करने वाला मामला सामने आई है। यहां के मेकाहारा अस्पताल में 2020-21 के कोविड काल से लावारिस पड़े तीन शवों का अंतिम संस्कार किया गया। एक हजार से ज्यादा दिनों के इंतजार के बाद इन लाशों को देवेंद्र नगर स्थित मुक्तिधाम में अंतिम विदाई दी गई। बता दें कि कोविड के दौरान इनके परिजनों को किसी दूसरे का शव दे दिया गया था।

#### स्ट्रैचर में लिटाकर भूला प्रशासन

इन तीन शवों की पहचान जवार सिंह, पंकज कुमार और दुकलहीन बाई के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, पंकज कुमार और जवार सिंह की 2020 के कोविड के दौरान मौत हो गई थी। वहीं दुकलहीन बाई ने 21 मई 2021 को दम तोड़ा था। जिसके बाद से इनकी लाश मेकाहारा में थी। खबरों के मुताबिक इनके अंतिम संस्कार के लिए अस्पताल प्रशासन ने एसडीएम रायपुर को पत्र लिखा था, मगर वहां से कोई जवाब नहीं आया। जिसके बाद सिस्टम तीनों की लाशों को एक किनारे स्ट्रैचर में लिटाकर भूल गया।

#### रीति-रिवाज से हुआ अंतिम संस्कार

मीडिया में इस आशय की खबरें छपने के बाद जागा प्रशासन तीन सालों बाद गुरुवार की शाम को तीनों लाशों को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम लाया, जहां हिंदू रीति रिवाजों से अंतिम संस्कार किया गया। बता दें कि कोरोना काल में इलाज के दौरान दम तोड़ने के बाद किसी ने भी इन मृतकों का रिकॉर्ड ही नहीं रखा था। इनका इलाज जिन अस्पतालों में हो रहा था उन्होंने भी इसकी पूरी जानकारी नहीं दी। इस लापरवाही की जांच के लिए राज्य सरकार के निर्देश के बाद सात डॉक्टरों की जांच समिति बनाई गई थी। मंगलवार को इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी।

# मतदाताओं का उत्साह देख खुश हुआ लोकतंत्र

## छत्तीसगढ़ की 3 सीटों के लिए मतदाताओं की लगी रही लम्बी कतारें

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** लोकतंत्र के महापर्व पर मतदाताओं का उत्साह आज देखते ही बना। छत्तीसगढ़ में पहले चरण में बस्तर में मतदान निपटने के बाद आज दूसरे चरण में 3 सीटों पर वोटिंग दोपहर तक जारी रही। केन्द्रों में मतदान के लिए लम्बी कतारें लगी रही। महिलाएं अपने दूधमुंहे बच्चों को लेकर वोटिंग करने पहुंची तो बुजुर्गों और दिव्यांगों में भी उत्साह छलका। सबकी निगाहें युवा मतदाताओं पर थी, लेकिन दोपहर तक कतारों में उनकी संख्या कम ही नजर आई। दूसरे चरण के तहत आज महासमुंद, राजनांदगांव और एसटी कांकेर सीटों पर सुबह 7 बजे मतदान प्रारम्भ हुआ। तीनों सीटों में से कांकेर का बड़ा हिस्सा नक्सल प्रभावित है, जहां सुरक्षा बल सतर्क और चौकन्ने रहे। वहीं राजनांदगांव और महासमुंद के कुछ नक्सल प्रभावित इलाकों पर भी सुरक्षा बलों की पैनी नजर रही। किसी तरह की अप्रिय घटना की सूचना दोपहर तक नहीं थी। मतदाता निर्भिक होकर वोटिंग करते नजर आए। युवतियां मेंहदी लगे हाथों के साथ वोट देने पहुंची तो नव दम्पत्ति विवाह के जोड़े में मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी आहूति दी।

राजनांदगांव क्षेत्र में कुल 2,329 मतदान केन्द्र और 1 सहायक मतदान केन्द्र बनाया गया था। यहां मतदाताओं की संख्या 18 लाख, 65 हजार 175 है। यहां कुल 15 प्रत्याशी मैदान में हैं। नांदगांव के मानपुर मोहला विधानसभा क्षेत्र में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान हुआ। शेष विधानसभा क्षेत्रों में शाम 6 बजे तक वोटिंग चलती रही। वहीं महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के बिंद्रानवागढ़ विधानसभा के 9 संवेदनशील केन्द्रों में ही दोपहर 3 बजे तक मतदान हुआ। कांकेर क्षेत्र के अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, केशकाल और कांकेर विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान हुआ। बाकी के 4 क्षेत्रों सिहावा, संजारी बालोद, डौंडीलोहारा और गुंडरदेही में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक चलता रहा। तीनों सीटों पर कुल 41 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें राजनांदगांव में 15, महासमुंद में 17 और कांकेर में 9 उम्मीदवार हैं। राजनांदगांव सीट पर भाजपा के मौजूदा सांसद संतोष पांडेय और पूर्व मुख्यमंत्री तथा कांग्रेस के मौजूदा विधायक भूपेश बघेल के बीच मुकाबला है। सत्ताधारी भाजपा ने महासमुंद और कांकेर सीट पर अपने मौजूदा सांसदों के टिकट काट कर क्रमशः रूपकुमारी चौधरी और भोजराज नाग को मैदान में उतारा है। चौधरी और नाग पूर्व विधायक हैं।कांग्रेस ने महासमुंद में राज्य के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू और कांकेर सीट पर बिरेश ठाकुर को मैदान में उतारा है। ठाकुर 2019 का लोकसभा चुनाव कांकेर सीट पर भाजपा उम्मीदवार से हार गए थे। लोकसभा चुनाव-2019 में भाजपा ने राज्य की नौ लोकसभा सीट और कांग्रेस ने दो सीट पर जीत दर्ज की थी।

### नक्सल प्रभावित ब्रिंद्रावनागढ़ के बूथों पर सन्नाटा

नक्सल प्रभावित ब्रिंद्रावनागढ़ में पोलिंग बूथों पर सारा दिन सन्नाटा पसरा रहा। इन केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे लेकिन मतदाता वोट डालने के लिए नहीं पहुंचे। इस नक्सल प्रभावित इलाकों में दोपहर 3 बजे तक मतदान का समय निर्धारित था। वहीं, कई बूथों में पोलिंग मशीन खराबी की खबरें आई। बूथ क्रमांक 109, 110 और 61 में ईवीएम में खराबी आई। इसके चलते करीब आधे घंटे तक मतदान रुका रहा। बाद में 109, 110 समेत कुल 6 पोलिंग बूथों की ईवीएम बदली गई। बूथ क्रमांक 61 में मतदान लम्बे समय तक रुका रहा।



### महासमुंद में कुछ ऐसा रहा हाल-ए-मतदान

महासमुंद क्षेत्र में मतदान को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। हालांकि यहां के कई गांवों में ग्रामीणों ने मतदान का बहिष्कार कर दिया। अफसर उनकी मान मनौव्वल करते रहे। उदंती अभ्यारण्य के कई गांवों में बहिष्कार किया गया। इसकी सूचना के बाद आला अफसर गांव में पहुंचे। जहां ग्रामीणों के साथ अफसर चर्चा करते रहे। गरियाबंद जिले के कोयबा, नागेश, साहेबीनकछार, गरीबा के बूथ में आने वाले 9 गांवों के मतदाताओं ने भी मतदान का बहिष्कार किया। वहीं बेरला में ग्राम बेलर पिथौरा के ग्रामीणों ने भी वोटिंग से दूरी बनाकर रखी। ग्रामीण मतदान केंद्र बदलने से नाराज थे। बता दें कि पहले मतदान केंद्र उनके ही गांव बेलरा में था, जिसे हरदी शिफ्ट किया गया है। इसको लेकर ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव में ही मतदान केंद्र होना चाहिए, यहां के मतदाताओं को हरदी जाने में परेशानी हो रही है।

### वोटर्स का तिलक लगाकर हुआ स्वागत

गरियाबंद स्थित मैनपुर के कुल्हाड़ीघाट ग्राम के माताएं दूधमुंहे बच्चे को लेकर वोटिंग के लिए पहुंची। इस क्षेत्र में मतदान करने बुजुर्गों में जमकर उत्साह देखा गया। वहीं मतदान कर्मियों ने वोटरों को तिलक लगाकर माला पहनाई। गरियाबंद में 89 साल के बुजुर्ग रतनलाल साहू ने सबसे पहले बूथ क्रं. 271 में मतदान किया। गरियाबंद क्षेत्र में मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हुआ था। धमतरी गोकुलपुर मतदान केंद्र में महिला, पुरुष और युवा वोटर मतदान करने के लिए सुबह 7 बजे से ही लंबी कतारों में लगे रहे। वहीं, महासमुंद जिले के बेलसोंडा स्थित सरकारी स्कूल में बने आदर्श मतदान केंद्र में दिव्यांग मतदाताओं ने किसी तरह की सुविधा नहीं मिलने की शिकायत की।

## राजनांदगांव में आदर्श केन्द्र में खींचा ध्यान

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कबीरधाम जिले के बैगा बाहुल्य क्षेत्र ग्राम कुकरापानी में पर्यावरण के अनुकुल इको फ्रेंडली आदर्श मतदान केन्द्र बनाकर ग्रामवासियों को शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया गया। मतदान केन्द्र को बांस की टहनियों, पत्तियों, बिरनमाला, गुलमोहर के फूल समेत बैगा संस्कृति और परम्पराओं से सजाया गया है। इसमें प्लास्टिक का इस्तेमाल बिलकुल नहीं किया गया है।

### वर-वधु ने मतदान कर ली सेल्फी

कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा ब्लॉक के ओड़ियाकला पोलिंग बूथ पर नव विवाहित वर-वधु मरकाम दम्पत्ति विवाह की रस्में छोड़कर मतदान करने के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने केंद्र पर वोट डाला। मतदान के बाद वर-वधु ने सेल्फी भी ली और लोगों से मतदान का उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करने की अपील की। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के मतदान केंद्रों में वोट डालने पहुंचे मतदाताओं को पहले तिलक लगाया। इसके बाद फूलों की माला पहनाकर उनका स्वागत किया है। मतदान से पहले ऐसे स्वागत से मतदाता भी भाव विभोर नजर आए।

### ईवीएम में आई तकनीकी खराबी

राजनांदगांव के मोहला के शासकीय कन्या शाला मतदान केंद्र 102 में ईवीएम मशीन में तकनीकी खराबी आ गई। यहां की मशीन बेहद धीमी चल रही थी। एक मतदाता को वोट करने के लिए 5 मिनट का वक्त लग रहा था। बेहद धीमे मतदान के चलते मतदाता भी परेशान रहे। वहीं, राजनांदगांव के कमला कॉलेज स्थित बूथ क्रमांक 37 में ईवीएम में खराबी आ गई। इसके चलते कुछ समय के लिए मतदान को रोकना पड़ा। सुधार के बाद यहां फिर से मतदान प्रारम्भ हुआ। इस दौरान लोग कतार में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे।

### बुजुर्ग मतदाता की बिगड़ी तबीयत

राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के लोहारा मतदान केंद्र में गर्मी के चलते एक बुजुर्ग वोटर की तबीयत बिगड़ गई। इस दौरान मतदान केंद्र में तैनात स्वास्थ्य कर्मी ने बुजुर्ग का इलाज किया। बता दें कि प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। बावजूद लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने के लिए वोटरों का उत्साह कम नहीं हो रहा है।

## कांकेर में उत्साहित दिखे मतदाता

दोपहर तक छत्तीसगढ़ की तीनों सीटों पर वोटिंग जारी थी, लेकिन सबसे ज्यादा उत्साह कांकेर के मतदाताओं में दिखा। यहां बाकी के दो क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा वोटिंग हुई। ग्रामीण लम्बी कतारों में नजर आए। भारी दोपहर में भी यही नजारा देखने को मिला। कांकेर लोकसभा सीट के कोंडागांव के केशकाल में नक्सल प्रभावित गांव कोनगुडा अति संवेदनशील माना जाता है। यहां पर ग्रामीणों में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा गया। ग्रामीण सारे काम छोड़कर मतदान करने के लिए लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। कांकेर में मतदान प्रारम्भ होने के साथ ही वोटिंग का प्रतिशत लगातार बढ़ता रहा। पहले 2 घंटे में यहां सबसे ज्यादा वोट पड़े। सुबह 9 बजे तक 17.52 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि दोपहर होते होते मतदान का प्रतिशत 40 को पार कर गया।

### शादी की हल्दी लगाए पहुंची वोट देने

कांकेर के भानुप्रतापपुर के अंदरूनी ग्राम चवेला में दो बहनों ने अपने मताधिकार और अपने वोट का महत्व बताया। दोनों बहनें हेमलता यादव और युगलकिशोरी हल्दी लगे हाथों और हल्दी की साड़ी पहने वोट डालने पहुंची। उन्होंने बताया कि पहले वोट करेंगे, उसके बाद शादी की रस्में निभाएंगे। इस तरह मतदान के प्रति जागरूकता का वातावरण पिछड़े हुए इलाकों में देखने को मिला। वहीं, बालोद क्षेत्र में दूल्हा शादी से पहले मतदान करने पहुंचा। उसने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हर एक-एक वोट बहुत जरूरी है। इस दौरान उसने लोगों से भी वोटिंग की अपील की।

### धूप से बचने की सुबह वोटिंग

दोपहर में भले ही तेज धूप में भी मतदाता कतारों में लगे दिखाई दिए, लेकिन क्षेत्र के लोगों में वोटिंग को लेकर लम्बी कतारें लगने की एक वजह दोपहर की तेज धूप भी रही। मतदान केन्द्रों में एक सीमित क्षेत्र में टैंट आदि लगाए गए थे, लेकिन इससे मतदाताओं को ज्यादा लाभ नहीं मिला। बालोद के पसोद में सुबह से ही मतदाताओं की मतदान केंद्रों में लंबी कतारें लगना शुरू हो गई थी। केंद्रों पर लंबी कतारें लगी। सुबह के समय केंद्रों पर भीड़ लगी रही। मतदाताओं का कहना है कि दोपहर के समय तेज धूप के कारण परेशानी होगी, इसलिए सुबह के समय वोट देने के लिए पहुंचे हैं।

# राजनीतिक हस्तियों ने की वोटिंग

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** तीनों लोकसभा क्षेत्रों में चल रही वोटिंग के बीच भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशियों समेत विधायकों और सांसदों ने अपने-अपने क्षेत्र में मताधिकार का प्रयोग किया। महासमुंद से भाजपा प्रत्याशी रूपकुमार चौधरी ने मतदान कर जीत के प्रति आश्वस्ती जताई तो कांकेर से भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशी भोजराज नाग व बिरेश ठाकुर ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बिरेश परिवार के साथ वोटिंग के लिए पहुंचे। दोनों ने अपनी-अपनी जीत के दावे किए। साथ ही लोगों को मतदान के लिए प्रेरित भी किया।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने निर्वाचन क्षेत्र कवर्धा में वोट डाला। उन्होंने मतदान पश्चात लोगों से वोटिंग करने की अपील की, साथ ही अपने क्षेत्र में 70 फीसद मतदान का दावा भी किया। राजनांदगांव से पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने भी कवर्धा में मतदान किया। वहीं, पंडरिया से भाजपा विधायक भावना बोहरा ने बूथ क्रमांक 381, रणवीरपुर में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने मतदाताओं से उत्साह के साथ वोट डालने की अपील की है। विधायक यशोदा वर्मा ने गृह ग्राम देवारीभाठ में मतदान किया। उनके साथ पति नीलाम्बर वर्मा, पुत्री संध्या भी मौजूद रहे। विधायक वर्मा ने आम मतदाताओं के साथ लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार कर वोट किया। पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया ने अपने गृह ग्राम डोंडीलोहारा में मतदान किया। उन्होंने इस बार केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने का दावा भी किया। कांकेर लोकसभा के निवर्तमान सांसद मोहन मंडावी ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कांकेर के कोंडागांव में कांग्रेस की राज्यसभा सांसद फूलोदवी नेताम ने अपने गृह ग्राम आलोर में वोट डाला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छत्तीसगढ़ की 6 सीटें जीतेगी।

### कांग्रेस प्रत्याशी नहीं डाल पाए वोट

एक ओर जहां दोनों दलों के सांसदों, विधायकों, मंत्रियों और राजनीतिक हस्तियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, वहीं कांग्रेस पार्टी के दो विधायक वोट देने से वंचित रहे। दरअसल, कांग्रेस ने दुर्ग जिले के पाटन से विधायक व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनांदगांव से टिकट दिया है, जो इस क्षेत्र के मतदाता नहीं है। वहीं महासमुंद से कांग्रेस ने दुर्ग के ही पूर्व विधायक व गृहमंत्री रहे ताम्रध्वज साहू को प्रत्याशी बनाया है, जो महासमुंद क्षेत्र के मतदाता नहीं होने के चलते वोटिंग नहीं कर पाए। इन दोनों क्षेत्रों में मतदान के प्रतिशत और नतीजों पर लोगों की नजरें लगी है। राजनांदगांव में भूपेश बघेल के खिलाफ निवर्तमान सांसद संतोष पाण्डेय मैदान में हैं, जबकि महासमुंद से भाजपा ने नए चेहरे के रूप में रूपकुमारी चौधरी को प्रत्याशी बनाया है।

# चुनावी प्रदर्शन तय करेगा मंत्रियों का भाग्य!

## दो मंत्रियों को बदले जाने की चर्चा, निगम-मंडलों के लिए भी कवायद

**रायपुर (श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क)।** लोकसभा चुनाव के नतीजे कई मंत्रियों के भाग्य का फैसला करेंगे। दरअसल, पहले चरण में बस्तर में हुए मतदान का निचोड़ ने भाजपा को चिंता में डाल दिया है। हालांकि पार्टी इस सीट को जीतने के प्रति आश्वस्त है, लेकिन स्थानीय विधायकों व मंत्री के परफारमेंस से पार्टी का शीर्ष नेतृत्व नाखुश बताया जा रहा है। शायद यही वजह है कि दूसरे और तीसरे चरण की वोटिंग के बाद राज्य के विधायकों और मंत्रियों के कामकाज की एक रिपोर्ट तैयार करने की चर्चा है। कुछ मंत्रियों को बदले जाने के भी संकेत हैं। वहीं बेहतर परफारमेंस वाले विधायकों को निगम मंडलों में अहम् पद दिए जा सकते हैं।

प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा ने यहां की सभी 11 लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है, लेकिन पार्टी के नेता अब खुद यह मानने हैं कि यह लक्ष्य आसान नहीं है। छत्तीसगढ़ में भाजपा ने मंत्री बनाने में जातीय व सामाजिक समीकरणों को इसलिए भी तवज्जो दी थी ताकि इसका लाभ लोकसभा चुनाव में मिल सके। मंत्रियों को सामाजिक वोट कबाड़ने की जिम्मेदारी भी दी गई थी। इसी तरह की जिम्मेदारियां विधायकों को भी दी गई। अब चुनाव के नतीजों के बाद यह तय किया जाएगा कि मंत्री व विधायक अपनी जिम्मेदारी को परिणामों में कितना बदल पाए। वैसे, पार्टी ने प्रचार से लेकर तमाम चीजों पर पूरी ताकत झोंकी है। बस्तर के बाद दूसरे चरण में राज्य की 3 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होने के बाद पार्टी अपने मंत्री व विधायकों के कामकाज की समीक्षा करेगी। इसके बाद उनके परफारमेंस की रिपोर्ट तैयार की जाएगी। दरअसल, इस चुनाव में प्रत्याशी बनाए गए कद्दावर नेताओं के साथ-साथ प्रदेश सरकार ऐसे मंत्रियों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है, जिन्हें उनके समाज के जातीय समीकरण को साधने का जिम्मा दिया गया है।

# पॉलीटिक्स और खेती-किसानी एक जैसी

श्रीकंचनपथ




क्या राजनीति की तुलना कृषि कार्यों से की जा सकती है? शायद हां, शायद नहीं। मौसम की मार से फसलें बर्बाद हो सकती हैं पर इससे डरकर किसान खेती करना नहीं छोड़ देता। किसान दोबारा खेतों की ओर जाता है और मेहनत करता है। खेती उसकी आजीविका मात्र नहीं है। यह उसकी आदत भी है और इबादत भी। वह इसके अलावा कुछ नहीं सोचता। जननेताओं की भी यही पहचान है। चुनाव में खड़ा होना भी एक फसल का इंतजार करना है। फसल अच्छी हो गई तो तीज-त्यौहार अच्छे से मन जाते हैं, वरना अगले सीजन तक फाकामस्ती में जीवन गुजारना होता है। पार्टियां चुनाव हारने के बाद दुखी तो हो सकती हैं पर राजनीति नहीं छोड़ सकती। कुछ नेताओं को इधर-उधर किया जा सकता है। कुछ नेता खुद इधर-उधर हो जाते हैं। दरअसल, यही प्रकृति का नियम है। सबकुछ हमेशा अच्छा-अच्छा नहीं होता। जीवन के साथ ऐसा नहीं किया जा सकता कि अच्छा-अच्छा गड़प और कड़वा-कड़वा थू। सफलता और विफलता, सुख और दुख सबकुछ स्वीकार करना पड़ता है। कुछ ऐसा ही था अंदाज पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज का। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी से लोग जा रहे हैं पर इसे भगदड़ नहीं कहते। ऊपर से चार लोग जाते हैं तो नीचे के चालीस लोगों को मौका मिलता है। पार्टी में नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने एक बात और महत्वपूर्ण कही। उन्होंने कहा कि भाजपा का चुनाव चिन्ह अब कमल नहीं बल्कि मोदी है। कुछ ऐसा ही आलम नेहरू और इंदिरा का अपने-अपने दौर में रहा है। नेहरू अपनी मृत्यु तक लगातार 16 साल देश के प्रधानमंत्री बने रहे। इसके बाद इंदिरा का नाम आता है जो 1966 से 1977 और फिर 1980 से लेकर 1984 में अपनी हत्या होने तक देश की प्रधानमंत्री रहीं। सरदार मनमोहन सिंह भी 2004 से 2014 तक लगातार 10 साल प्रधानमंत्री रहे। पर वो ऐसी कोई छाप नहीं छोड़ सके जो नेहरू या इंदिरा ने छोड़ी थी। मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी अपने 10 साल का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। इंदिरा के बाद वो देश के ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं जो अपना कद पार्टी से भी बड़ा करने में सफल रहे हैं। सच है कि देश भले ही दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने का दावा करता हो, भले ही यहां बहु दलीय व्यवस्था चल रही हो पर हकीकत में स्वीकार्यता व्यक्ति की ही है। देश की राजनीतिक मानसिकता अभी इतनी परिपक्व नहीं हुई कि वह राजनीतिक दलों का खाता जांच सके। व्यक्ति में आस्था के चलते ही नेहरू के बाद उनकी पुत्री इंदिरा को सत्ता सौंपी गई। इंदिरा के बाद पार्टी ने राजीव को सामने कर दिया। आज पार्टी राजीव पुत्र राहुल में पनाह ढूंढ रही है। भाजपा ने यह क्रम तोड़ा। अटलजी के साथ आडवाणीजी पीएम इन वेटिंग रहे। पर पीएम बने मोदी। यह लोकतंत्र और पार्टी दोनों की सेहत के लिए जरूरी है।




## संपादकीय

# विरासत कर पर बवाल तो होना ही था...

राजनीति में जो आक्रामक होता है, वह मजबूत माना जाता है और जो रक्षात्मक होता है, वह कमजोर माना जाता है। इसलिए चुनाव के दौरान राजनीतिक दल एक दूसरे के प्रति ज्यादा आक्रामक होते हैं। रोज नए नए मुद्दो को लेकर हमलावर रहते हैं ताकि जनता उन्हें मजबूत माने, योग्य माने, सही माने और उसे ही सत्ता के लिए चुने। पहले चरण में कांग्रेस ने कुछ आक्रामक तेवर जरूर दिखाए। भाजपा व मोदी पाजीटिव व रक्षात्मक रहे। कांग्रेस संविधान बदलने को लेकर भाजपा पर हमला करती रही,लोकतंत्र को लेकर भाजपा पर हमला करती रही। भाजपा रक्षात्कम रही और कांग्रेस के प्रचार को झूठ बताती रही। कांगरेस सवाल पूछती रही और भाजपा सफाई देती रही। चुनाव के दूसरे चरण में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जो हमले उन्ही के घोषणापत्र के मुद्दों व नेताओं के बयान को लेकर किए,कांग्रेस दूसरे चरण के चुनाव में सफाई देती रही है कि भाजपा जो कह रही है, वैसा कुछ कांग्रेस करने नहीं जा रही है। सबसे पहले पीएम मोदी ने राहुल गांधी के भाषण को लेकर कहा कि कांग्रेस जो आर्थिक गणना करानेवाली है, उसका मकसद देश के लोगों के धन का पता लगाना है कि किसके पास कितनी धन संपत्ति है। यह पता लगने पर कांग्रेस देश के लोगों के पास जितना ज्यादा संपत्ति है वह ले लेगी और घुसपैठियों, ज्यादा बच्चे पैदा कगरने वालों को दे देगी। पीएम मोदी ने सीधे नहीं कहा कि कांग्रेस बहुसंख्यकों की धन संपत्ति जब्त कर अल्पसंख्यकों को बांटना चाहती है। महिलाओं के मंगल सूत्र को लेकर भी बड़ी भावनात्मक बात कर देश के निचले स्तर तक बात पहुंचा दी कि कांग्रेस सत्ता में आई तो क्या करने वाली है।

कांग्रस ने अपने घोषणापत्र में बड़ी चालाकी से यह तो वादा किया है कि वह आर्थिक गणना कराना चाहती है ताकि पता चले कि देश के किस वर्ग के पास कितना पैसा है। उसने यह साफनहीं किया कि वह आर्थक गणना के बाद क्या करने वाली है, यह तो राहुल गांधी ने एक सभा में कह दिया कि वह धन का पता लगाकर उसे फिर से बांटना चाहते हैं। इसका तो कोई भी सींधा मतलब यही निकालेगा कि जिनके पास ज्यादा धन है, उससे धन लेकर उनको धन दिया जाएगा जिनके पास धन नहीं है। इस मौके पर पीएण मोदी देश को यह याद दिलाना नहीं भूले कांग्रेस के लिए गरीब,अल्पसंख्यक का क्या मतलब है। इसके लिए उन्होने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के भाषण का जिक्र किया जिसमें कहा गया है के देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों खासकर मुसलमानों का है। पूरा देश जानता है कि कांग्रेस ने सत्ता में रहते सबसे ज्यादा ख्याल अल्पसंखयकों का रखा। उनके लिए अलग पर्सनल लॉ बोर्ड बनवाया, अलग वक्फ कानून बनवाया, अल्पसंख्यक मंत्रालय बनवाया, सच्चर कमेटी बनाकर देश को बताया गया कि उनकी हालत देश में सबसे खराब है, रंगनाथ आयोग ने सिफारिश की अल्पसंख्यकों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण होना चाहिए। इसमें छह प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों के लिए होना चाहिए। यूपीए सरकार के समय मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास किया गया। वर्तमान में मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग में शामिल कर आरक्षण देने का प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में अगर पीएम मोदी व भाजपा कह रही है कि कांग्रस धन का पता लगा रही है तो इसलिए लगा रही है कि वह मुसलमानों के लिए कुछ करना चाहती है क्योंकि वह मानती है कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानो को है। कांग्रेस इस मामले में सफाई दे रही थी उसकी ऐसी कोई योजना नहीं है, अमरीका से राहुल गांधी के गुरु व गांधी परिवार के सलाहकार सैम पित्रोदा का यह बयान सामने आ गया कि अमरी का विरासत कर लिया जाता है इस पर भारत में भी चर्चा होनी चाहिए। यह विरासत कर क्या है, अमीरों की संपत्ति पर कानूनी तौर पर कब्जा कर लेना है। अमरीका में किसी को अपने बाप दादा से कोई संपत्ति मिलती है तो उसका बड़ा हिस्सा सरकार ले लेती है और छोटा हिस्सा नाती पोतों को मिलता है। सैम पित्रोदा ने चर्चा की बात कही लेकिन हकीकत में वह कांग्रेस को याद दिला रहे थे कि कांग्रेस सरकार आई तो वह अमीरों से धन ऐसे भी ले सकती है। ऐसा नहीं है कि यह टैक्स भारत में पहले लिया नहीं जाता था, धन की असमानता को खत्म के लिए इसे देश में लागू किया गया था इसे राजीव गांधी सरकार के समय समाप्त किया गया था। उसके बाद से देश में यह टैक्स नही लिया जाता है। अल्पसंख्यकों के प्रति कांग्रेस की सोच आजादी के बाद जो थी, वह आज भी है। वह बदली नहीं है, उसे कांग्रेस के घोषणापत्र को पढ़कर समझा जा सकता है।

# हिमालय पर पल-पल सिमटते विशाल हिमनदों को बचाइए

कालाचांद साईं, निदेशक,हिमालयन भूविज्ञान संस्थान

गंगोत्री, मोटर मार्ग से पहुंचने का आखिरी पड़ाव है। इससे आगे गोमुख की तरफजाने की तमन्ना रखने वालों को पैदल सफर करना होता है। गंगोत्री नेशनल पार्क के बीचोबीच भागीरथी का बायां किनारा चौदह किलोमीटर का रास्ता नापकर आपको भोजबासा पहुंचा देता है। सफर के बीच के मनोहारी दृश्य पदयात्रा की थकान को कम कर देते हैं, लेकिन अत्यधिक ऊंचाई के कारण भोजबासा पहुंचते-पहुंचते दम फूलने लगता है। भारी थकावट के बावजूद ऑक्सीजन की कमी से वहां नींद नहीं आती। इस कठिन यात्रा में पांच किलोमीटर और चलकर आप गंगोत्री ग्लेशियर देख पाते हैं। पर्यावरण प्रेमियों की नींद इस कारण उड़ी हुई है कि गंगोत्री ग्लेशियर निरंतर पिघलते हुए पीछे खिसकता चला जा रहा है। इस ग्लेशियर को बचा न सके, तो गंगा का क्या होगा? वर्षों से इस खतरे की बात होती रही है। समूचे हिमालय के ग्लेशियरों पर संकट साफनजर आ चुका है, परंतु उनके सिकुड़ने की चिंता के बीच नया संकट हमारे सामने है। प्रदूषण और तापमान में धीरे-धीरे हो रही बढ़ोतरी के कारण बर्फ पिघलने से हिमनदों के बीच हजारों नई झीलें आकार ले चुकी हैं या फिर उनका आकार बड़ा हो गया है। देहरादून के वाडिया हिमालय भू-विज्ञान संस्थान का अध्ययन यह निष्कर्ष निकाल चुका है और इसरो की ताजा चर्चित रिपोर्ट ने भी इसकी पुष्टि की है। ऐसी झीलों का मुहाना अचानक खुलने से खतरनाक बाढ़ आ सकती है। हिमालयन रिवर बेसिन में कुल करीब 28,043 ग्लेशियर झीलें हैं, इनमें से 23,167 झीलें पांच हेक्टेयर से छोटी हैं। लंबे समय से हिमालय पर रिसर्च के दौरान पाया गया कि प्रतिवर्ष दो से 51 मीटर की रफ्तार से ग्लेशियर पिघल रहे हैं। ऐसे में, इस निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है कि अगले 100 साल में कई छोटे ग्लेशियरों का अस्तित्व मिट जाएगा और बहुत से पिघलकर आधे रह जाएंगे। पिघलते हिमनदों के कारण ग्लेशियर झीलों का दायरा बढ़ रहा है। ग्लेशियर के पतले होने की औसत दर साल 2000 से 2020 के बीच करीब तीन गुना बढ़ी है। ग्लेशियर ही पूरे साल नदियों को पानी देने में मददगार हैं। इनके जरिये बाकी जलस्रोत भी रीचार्ज होते हैं। ग्लेशियरों की क्षति या उनके आकार-प्रकार में बदलाव से सदानीरा नदियों को पानी के संकट का सामना करना पड़ जाएगा। नदियों का अस्तित्व ग्लेशियरों से जुड़ा है।

ग्लेशियरों के पिघलने के पीछे दो कारण हैं। पहला, ग्लोबल और दूसरा स्थानीय। पहला कारण ग्लोबल है। सारी दुनिया में तापमान बढ़ रहा है, उसका असर हिमालय पर स्वाभाविक रूप से दिख रहा है। संसार के एक देश के प्रदूषण का प्रभाव हजारों किलोमीटर दूर दूसरे देश को भी झेलना पड़ता है। वाडिया इंस्टीट्यूट के पूर्व वैज्ञानिक डॉक्टर पीएस नेगी का एक रिसर्च बताता है कि यूरोप से तेज हवाओं के साथ उड़कर आया उद्योगों का कार्बन हिमालयी बर्फ की सतह पर चिपका पाया गया। इस तरह के प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के कारणों को रोकना स्थानीय नागरिकों या सरकार के लिए संभव नहीं है। दूसरा कारण स्थानीय है। हिमालयी राज्यों में पर्यटन तेजी से बढ़ रहा है। नैनीताल एरीज की रिसर्च का परिणाम बड़ी चेतावनी के रूप में सामने आया है। यह शोध बताता है कि पहाड़ों पर कुल प्रदूषण में से 80 फीसदी हिस्सा मोटर वाहनों से निकलने वाले धुएं का है। दस साल में वाहनों की तादाद दो सौ गुना बढ़ गई है। इसका दुष्प्रभाव सीधा हिमालय की सेहत पर पड़ रहा है। पहाड़ पर भारी मशीनरी का बेधड़क इस्तेमाल, जंगलों में तेजी से बढ़ती मानव गतिविधियां, जंगलों की आग के अलावा बड़े पैमाने पर नदियों में पड़ रहा मलबा हिमालय के समूचे प्राकृतिक तंत्र को रौंद रहा है। अब सवाल उठता है कि क्या इन दुष्प्रभावों को रोकने के लिए कदम उठाए जा सकते हैं? जवाब है- तबाही से बचने के लिए हमें दीर्घकालिक योजनाओं पर आज से ही सोचना होगा, कल देर हो जाएगी। पर्यावरण आधारित विकास को प्रोत्साहित करना होगा। सही और समेकित विकास का रास्ता पर्यावरण को कम नुकसान पहुंचाकर भी तैयार किया जा सकता है। दौड़ती-भागती दुनिया अगर ग्लेशियरों के पिघलने की रफ्तार नहीं रोक पाई, तो इसके भयावह नतीजे निकलेंगे।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## नजरिया

# नहीं डालेंगे अपना वोट तो सरकार से कैसे कर सकेंगे सवाल?

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

18 वीं लोकसभा के लिए पहले चरण का 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों के लिए मतदान संपन्न हो चुका है। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रेल को देश के 13 राज्यों के 89 लोकसभा सीटों के लिए होने जा रहा है। पहले चरण का मतदान 2019 की तुलना में कम हुआ है। यह अपने आप में चिंतनीय हो जाता है। मतदान कम होने के कारणों का विश्लेषण करने का ना तो यह सही समय है और ना ही यह विश्लेषण का समय है कि मतदान कम होने से किसे लाभ होगा या किसे हानि होगी। लाभहानि का आकलन करना राजनीतिक दलों का विषय हो सकता है। पर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिकों द्वारा मताधिकार का उपयोग नहीं करना अपने आप में गंभीर हो जाता है। एक और हम निर्वाचित सरकार से अपेक्षाएं रखते हैं और रखनी भी चाहिए वहीं हम अपनी सरकार चुनने के लिए घर से मतदान करने के लिए भी निकलना अपनी तोहिन समझने लगते हैं। आखिर इतनी गैर जिम्मेदार नागरिक हम कैसे हो सकते हैं? यहां पर बरबस देश की सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी पर ध्यान चला जाता है कि जब हम मतदान के दायित्व को पूरा नहीं कर सकते तो फिर चुनी हुई सरकार से सवाल करने या उससे किसी तरह की अपेक्षा रखने का हक भी हमें नहीं होना चाहिए। एक एनजीओ के द्वारा दायर पीएल को इसी भावार्थ के साथ खारिज कर दिया गया था। वैसे भी हमारा दायित्व हो जाता है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम थोड़ा सा समय निकाल कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पांच साल में एक बार मिलने वाले अवसर को नकारात्मक सोच या गैरजिम्मेदारी से खो देना किसी भी हालात में उचित नहीं माना जा सकता।

लोकतंत्र के महायज्ञ में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करके अपनी आहुति देने का अवसर मिलता है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या फिर लापरवाही के कारण मतदान नहीं करना किसी अक्षम्य अपराध से कम नहीं कहा जा सकता है। वर्तमान सिनेरियों में नोटा प्रयोग भी मंथन का विषय होना चाहिए। नोटा के प्रवधान को लेकर पक्ष विपक्ष में अनेक तर्क दिए जा सकते हैं पर समय आ गया है कि उस पर बड़ी बहस हो और उसको अधिक प्रभावी या कारगर बनाने के प्रावधान किये जाये। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मतदान को लेकर की गई टिप्पणी भी इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि यदि हम मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं तो फिर सरकार के खिलाफ किसी तरह की ग्रिवेंस करना उचित नहीं ठहराया जा सकता। सजग व जिम्मेदार नागरिक के रुप में प्रत्येक मतदाता का दायित्व हो जाता है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करे। अब तो निर्वाचन आयोग ने मतदान सुविधाजनक भी बना दिया है। बुजुर्ग व दिव्याग मतदाताओं को घर बैठे मतदान का अवसर प्रदान कर दिया हैं वहीं मतदाताओं के लिए जागरुकता अभियान से लेकर निष्पक्ष चुनाव के लिए कारगर कदम उठाये जाने लगे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव तिथियों की घोषणा करते समय साफकर दिया कि आयोग चार एम पर प्रभावी कार्यवाही करने को प्रतिवद्ध है और उसकी सूक्ष्म मोनेटरिंग की जा रही है।

भले ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ईवीएम में नोटा यानी कि नन ऑफद अवोव का प्रावधान कर दिया गया हो पर एक जागरुक व जिम्मेदार मतदाता के लिए नोटा के प्रयोग को समझदारी भरा निर्णय नही माना जा सकता। कारण साफहै नोटा का बटन दबाकर अपनी भावना तो व्यक्त कर सकते हैं पर उसका इस मायने में कोई अर्थ नहीं रहता कि किसी की जीत हार में उसका असर नहीं पडता। नोटा के प्रयोग के स्थान पर उपलब्ध विकल्पों में से ही किसी एक को चुनना ज्यादा बेहतर माना जा सकता है। हांलाकि एक समय था जब कई बूथों पर विरोध स्वरुप मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय कर लिया जाता था या फिर लोगों द्वारा उपलब्ध उम्मीद्वारों में किसी को भी मत देने योग्य नहीं समझने के कारण विरोध का मत यानी कि नोटा के प्रयोग की मांग की जाती रही। नोटा का परिणाम प्रभावी तरीके से राइट टू रिजेक्ट होता तो अधिक कारगर होता। तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में उसकी कारगरता के अभाव के कारण नोटा के प्रावधान को हटाया जा चुका है। यों कहे कि कई देषों में नोटा के प्रावधानों को कारगर नहीं पाने के कारण हटा दिया गया है। अमेरिका की ही बात करें तो वहां नोटा का प्रावधान रहा है पर 2000 आते आते उसे हटा दिया गया। इसी तरह से रुस ने 2006 और पाकिस्तान में 2013 में नोटा प्रावधान को हटाया जा चुका है। देश के प्रबुद्ध नागरिकों, वुद्धिजीवियों, राजनीतिक विश्लेषकों, कानूनविद् को नोटा को लेकर गंभीर बहस छेड़नी होगी जिससे नोटा को वास्तव में चुनावों में हथियार के रुप में उपयोग किया जा सके। आज की तारीख में बात करें तो नोटा केवल और केवल आपके विरोध को दर्ज कराने तक ही सीमित माना जा सकता है।

पहले चरण के मतदान के दौरान देश के कई हिस्सों में कई मतदान केन्द्रों पर मतदान का बहिष्कार के समाचार भी देखने सुनने को मिले। यह भी अपने आप में सही विकल्प नहीं कहा जा सकता। आखिर मतदान का बहिष्कार कर हम अपना ही नुकसान कर रहे हैं। बहिष्कार से कुछ हासिल होना नहीं है। बल्कि आप जिस किसी से भी नाराज है तो उसके खिलाफ मतदान कर अपनी बात को रख सकते हैं। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या नोटा का प्रयोग के स्थान पर मतदान अवश्य करना चाहिए। पहले चरण के कम मतदान को लेकर यह कहा जा रहा है कि गर्मी तेज थी, जागरुकता का अभाव, शादी विवाह होना या मुद्दों का ना होना जैसी बात की जा रही है पर यह सब बहाने निरर्थक है। मतदान केन्द्र कुछ ही दूरी पर है तो जागरुकता की जिम्मेदारी हमारी है। चुनाव आयोग लगातार जागरुक करने के साथ ही अब तो राजनीतिक दलों पर निर्भरता भी पूरी तरह से समाप्त कर दी है। शादी विवाह होने के बावजूद हमें समय निकाल कर मतदान तो करना ही चाहिए।

एक दूसरी बात और जिस पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। आजादी के 75 साल बाद और दुनिया की सबसे बेहतरीन चुनाव व्यवस्था के बावजूद मतदान प्रतिशत 90 से 100 प्रतिशत के आंकड़े को नहीं छूना चिंता का विषय है। आज हालात बदल चुके हैं। कोई भी किसी को मतदान के अधिकार से जोर जबरदस्ती या अन्य कारण से रोक नहीं सकता। भारतीय चुनाव आयेग की निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था को सारी दुनिया द्वारा सराहा जाता है और लोहा मानते हैं। इस सबके बावजूद मतदान का प्रतिशत कम होना गंभीर है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या मतदान नहीं करना जिम्मेदार मतदाता का काम नहीं हो सकता। पांच साल में एक बार आने वाले इस अवसर का उपयोग सकारात्मक सोच व उपलब्ध विकल्पों के आधार पर ही बेहतर तरीके से किया जा सकता है। इसलिए मतदान को अपना कर्तव्य समझ कर घर से बाहर निकलें और मताधिकार का उपयोग अवश्य करें यह सभी मतदाताओं के दिलोदिमाग में होना चाहिए। गैरसरकारी संगठनों व मीडिया को भी इसके लिए आगे आना चाहिए ताकि हम कह सके कि यह सरकार कम मतदान प्रतिशत के आधार पर चुनी हुई नहीं हैं। जिस तरह से रोजमर्रा के काम जरुरी है उसी तरह से हमें मतदान को समझना होगा और बाकी 26 अप्रेल और इसके बाद के चरणों के मतदान पर्व को पर्व की तरह ही मनाना होगा।

( ये लेखक के अपने विचार हैं )

# मुस्लिम सियासत को चाहिए नई जुबान

फहद जुबेरी, शोध विद्वान, ऑक्सफोर्ड

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के समाप्त होने के बाद कई रिपोर्टों ने बताया कि मुसलमान इस चुनाव में रणनीतिक चुप्पी बरत रहे हैं। इसमें ध्रुवीकरण को रोकने के लिए उकसावे की किसी स्थिति में चुप्पी बनाए रखना, भारतीय जनता पार्टी को सीट-दर-सीट हराने के लिए स्थानीय उम्मीदवारी के मुताबिक रणनीतिक रूप से बड़ी तादाद में मतदान करना शामिल है। इस घटना से बड़े पैमाने पर लोकतांत्रिक दुनिया को चिंतित हो जाना चाहिए। सबसे पहले, यह हमें बताता है कि मुस्लिम मतदाताओं ने इस तथ्य को मंजूर कर लिया है कि लोकतंत्र में उनकी राजनीतिक भागीदारी सिर्फ बहुसंख्यक राजनीति से सुरक्षित रहने तक सीमित है। अधिकतर मुस्लिम शायद उन उम्मीदवारों को वोट देंगे, जो भाजपा को मजबूत चुनौती देते हुए दिखेंगे। यहां मुस्लिम वोट एक किस्म के संभावित खतरे का बंधक है और इसका कोई सियासी महत्व नहीं है। मुसलमान महज तरक्की के वादों के लिए अपने वोट का सौदा नहीं कर सकते। उन्हें लगता है कि उनकी मौन उपेक्षा हुई है, जिसका उन्हें बदला लेना है।

उनकी चुप्पी यह भी दिखाती है कि मुसलमानों में दोहरी चेतना विकसित हो गई है, जहां उन्हें लगता है कि वे भारतीय समाज के ध्रुवीकरण में योगदान करते हैं, इसलिए उन्हें यह यकीन है कि उनकी चुप्पी ध्रुवीकरण को कम कर देगी। सच तो यह है कि अक्सर ध्रुवीकरण को निशाना बनाया जाता है और इससे फायदा भी उठाया जाता है। यह स्थिति बहुसंख्यकों के लिए नैतिक बदलाव और पिछले दशक में भारत द्वारा महसूस की गई दूरियों की जिम्मेदारी लेने में उनकी नाकामी की ओर भी इशारा करती है। यह चुप्पी हमें बताती है कि मुसलमान सामने नजर आने वाली सियासी भागीदारी से डरते हैं। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है। पिछले दशक में कुछ जगहों पर मुस्लिमों के सियासी कदमों को राज्य का प्रतिकूल रवैया भी झेलना पड़ा है। कुछ उदाहरणों को छोड़ दीजिए, तो आज भी मुस्लिमों के अधिकार चुनावी मुद्दे नहीं बन सके हैं। इस चुप्पी और राजनीतिक उपेक्षा के सामने युवा मुसलमानों को आज सियासत की एक नई भाषा या जुबान विकसित करनी पड़ेगी। अव्वल तो हमें उस ऐतिहासिक मान्यता को नामंजूर कर देना होगा, जिसके तहत यह समुदाय भारत में रहे मुस्लिम बादशाहों और आज के मुसलमानों को जोड़कर देखता है। गौर कीजिए, संघ परिवार द्वारा बनाए गए नजरिये को अगर देखें, तो वह भारत के मुस्लिम बादशाहों को बाहरी आक्रमणकारी के रूप में ही पेश करता है और आज के मुसलमानों को ऐतिहासिक आक्रांताओं के ध्वजवाहक के रूप में चित्रित करता है। यह सोच, मुसलमानों को एक ऐसे कोने में धकेल देती है, जहां बहस का महज एक मकसद रह जाता है, समुदाय का अलग-थलग हो जाना। जरूरी है कि मुसलमान इस जाल को तोड़ फेंकें और इस हकीकत का इजहार करें कि मुस्लिम बादशाहों के साथ उनका उतना ही जुड़ाव है, जितना बाकी हिंदुओं का है।

भारत में मुस्लिम शासन ने सामान्य रूप से भारतीय तहजीब में बड़ा योगदान दिया है और उसे आकार भी। बदलाव के ये तमाम सांस्कृतिक आकार-प्रकार भारतीय हैं, सिर्फ मुस्लिम नहीं। मिसाल के लिए, उर्दू सिर्फ मुसलमानों की जुबान नहीं है, बल्कि भारत की एक स्थानीय भाषा है। इस विशेष समुदाय की राजनीति को आज आधुनिक राष्ट्र के साथ तालमेल कर चलना चाहिए। राष्ट्र की मुख्यधारा में अपना दावा पेश करना चाहिए। देश की एक जातीय-राष्ट्रवादी राजनीति आधुनिक भारत में मूल निवास के दावे के साथ हिंदुओं की श्रेष्ठता को स्थापित करने की कोशिश करती रहती है। इस कहानी में यदि कोई मुसलमान अपनी हिंदू विरासत को मंजूर करता है, तो उसे घर वापसी के लिए कहा जाता है। दूसरी ओर, अगर वह अपने पूर्वजों को हिंदू नहीं मानता, तो इसका सीधा मतलब है कि उसके पूर्वज बाहर से आए थे और उन्होंने हिंदुओं पर निर्मम आक्रमण किया था। कुछ लोगों की कोशिश हो सकती है कि किसी भी तरह से मुसलमानों को भारतीय राष्ट्र से संबंधित होने से वंचित कर दिया जाए।

मुस्लिम सियासत की नई जुबान जातीय-राष्ट्रवादी बुनियाद को खारिज कर दे और आधुनिक राष्ट्र-राज्य पर समान दावा पेश करे। इस नई जुबान में इतिहास को समाप्त कर देना चाहिए और हक का दावा समकालीनता में निहित होना चाहिए। 13 अगस्त, 1947 से पहले जाने की जरूरत नहीं है। एक और बात, मुस्लिम राजनीति की नई जुबान को एकजुटता की राजनीति का विकास करना चाहिए और अपनी अलग पहचान की राजनीति के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

इधर, अनेक विद्वानों ने मुस्लिमों द्वारा चुनाव में एकमुश्त वोट की आलोचना की है। एक शोध से यह पता चला है कि मुसलमानों ने 2019 के आम चुनाव के बाद से भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ ज्यादा एकजुटता से मतदान किया है। इस समुदाय की सियासी दिशा को एक सामाजिक चेतना में तब्दील होना चाहिए, जो व्यापक समाज की एकजुटता पर आधारित हो। डॉक्टर आंबेडकर का मैत्री का विचार, उत्तर प्रदेश में कांशीराम की बहुजन भाषा और गुजरात में माधव सिंह सोलंकी की कोली क्षत्रिय, हरिजन, आदिवासी और मुस्लिम की मिली-जुली राजनीति प्रेरणा के अच्छे उदाहरण हैं। एकजुटता की राजनीति साझा पहचान पर निर्भर नहीं करती, बल्कि ऐसे गठबंधनों को सक्षम बनाती है, जो राजनीतिक सहानुभूति के आधार पर सभी पहचानों को तोड़ सकते हैं। हर समुदाय से खुद को जोड़कर देखना होगा। उदाहरण के लिए, जब छत्तीसगढ़ में किसी चर्च पर हमला होता है, तो एकजुटता महसूस करने के लिए एक मुसलमान का ईसाई होना जरूरी नहीं है। मुस्लिम राजनीति हर पूजा स्थल के लिए समान रूप से आवाज उठाए। देश के प्रति सहज सहानुभूति वास्तव में पूरे समाज में व्यापक रूप से राजनीतिक प्रेरणा का काम करेगी। दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी इस चुनावी मौसम में मतदान कर रही है, अनेक कारण हैं, जिनसे समुदाय विशेष ने चुप्पी धारण कर रखी है। उपेक्षा से पैदा हुआ शून्य ही शायद इस समुदाय को नई सोच, नई सियासत के लिए प्रेरित करेगा। साथ ही, बहुसंख्यक प्रधान भारत में भारतीय मुस्लिम होने का मतलब समझाएगा।

( ये लेखक के अपने विचार हैं )

# गलत डाइट लेने का आरोप



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर प्रर्वतन निदेशालय ने गलत डाइट लेने का आरोप लगाया है। अदालत में ईडी ने कहा कि वह तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं ताकि उनका शुगर लेवल बढ़ जाए तथा उन्हें मेडिकल आधार पर जमानत मिल जाए। केजरीवाल को टाइप-2 डायबिटीज है। वह सुबह-शाम आलू पूड़ी, मिठाई और आम खा रहे हैं। चीनी वाली चाय भी पी रहे हैं। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि ईडी उनका घर का खाना बंद करना चाहती है। केजरीवाल रोज 56 यूनिट इंसुलिन लेते हैं। उनका ब्लड-शुगर लेवल ऊपर-नीचे होता रहता है। उन्हें लगातार कब्ज रहता है तथा क्रोनिक ब्रोंकाइटिस (खांसी) बनी रहती है। जेल डिस्पेंसरी की तरफ से नियमित जांच होने के बावजूद वह ब्लड शुगर के लिए निर्धारित डाइट नहीं ले रहे हैं। उधर अदालत में याचिका दायर कर केजरीवाल की जेल में सुरक्षा को खतरे में बताया गया है। आप नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन भी लंबे समय से जेल में बंद हैं। केंद्र सरकार पर आरोप है कि यह जानबूझकर किया जा रहा है।

वह आप सरकार के काम-काज के तरीकों और उसकी प्रसिद्धि से घबरा कर ऐन लोक सभा चुनाव के पहले यह कदम उठाया गया। आप नेता संजय सिंह ने इस कृत्य को तानाशाही कहा, जबकि केजरीवाल ने जेल से भेजे संदेश में कहा कि मैं आतंकवादी नहीं हूं। हालांकि केजरीवाल को खुद को नुकसान पहुंचाने जैसा कदम उठाने से बचना चाहिए। निश्चित रूप से इससे दुनिया भर में उचित संदेश नहीं जा रहा है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है। यह तय है कि यदि केजरीवाल या उनके दल के अन्य नेताओं पर आरोप साबित होते हैं तो उन पर कानून शिंकजा कसेगा। भ्रष्टाचार को लेकर अपने यहां सिर्फ बातें ही बनाई जाती हैं। राजनीतिज्ञों के भ्रष्टाचारमुक्त होने पर जनता में संशय ही है। मोदी सरकार भी ऐसा कोई उदाहरण तय करने में सफल नहीं है, जिससे प्रतीत हो कि अपने नेताओं के भ्रष्टाचार को लेकर भी वह कड़े कदम उठा रही है। घातक संक्रमण की तरह फैलते भ्रष्टाचार से जूझना बड़ी चुनौती है, बदले की भावना से ऊपर उठ कर इससे मुक्त होने के सामूहिक प्रयास करने होंगे।

# गरीबी दूर करने के और भी कई तरीके हैं...

सुनील दास



समाज के गरीब तबके के हर आदमी की सपना होता है कि उसकी गरीबी किसी तरह दूर हो जाए। अपनी गरीबी दूर करने वह खुद भी प्रयास करता है तथा समाज,सरकार से भी उम्मीद करता है कि वह उसकी गरीबी दूर करने में मदद करे। आजादी के बाद से देश के राजनीतिक दल गरीबों को उनकी गरीबी दूर का वादा कर वोट लेते रहे है, सत्ता सुख भोगते रहे हैं।राजनीतिक दलों को तो गरीबों के वोट से सत्ता मिलती रही लेकिन राजनीतिक दलों ने गरीबों से गरीबी दूर करने का अपना वादा कभी पूरा नही किया। देश में गरीब पहेल भी थे, आज भी हैं।

गरीबी दूर करने का सपना दिखाने वाले भी पहले भी थे और आज भी है। राजनीतिक दलों के घोषणापत्र जारी होने के बाद पता चलता है कि कांग्रेस ने गरीबी दूर करने को जो वादा किया है। वह वामपंथियों का गरीबी दूर करने का बरसों पुराना तरीका है। इसमें माना जाता है की गरीबी धन के असमान वितरण के कारण है। धन का समान वितरण कर दिया जाए तो गरीबी दूर हो जाएगी। यह गरीबों को अच्छा लगता है कि कोई उनको अमीरों से धन छीनकर उनको दे रहा है। यह मेहनत कर धन कमाने वाले अमीरो को अच्छा नहीं लगता है कि उनका धन उनसे छीनकर दूसरों को दिया जा रहा है। क्योंकि उसके पास धन ज्यादा है। इससे गरीबी दूर हो न होा देश व समाज अमीर व गरीब में बंट जाता है।

राहुल गांधी व कांग्रेस गरीबी दूर करने के वामपंथी तरीके से समाज को अमीर व गरीब में बांटकर गरीबों को वोट लेना चाहते है। इसी तरह जातीय गणना का मकसद भी जातियों का भला करना नहीं है, इसका मकसद भी समाज को जातियों में बांट देना है। जाति व आर्थिक सर्वे का मकसद कुल मिलाकर हिंदू समाज को जाति, अमीर,गरीब में बांट देना है। क्योंकि यह समाज एकजुट रहता है तो इससे कांग्रेस को सत्ता नहीं मिलती है। सत्ता भाजपा को मिलती है। दस साल से भाजपा हिंदू समाज को एकजुट कर, समाज को बिना अमीर व गरीब में बांटे गरीबी दूर कर सत्ता में है तो यह कांग्रेस को अच्छा नहीं लग रहा है।

कांग्रेस को सबसे ज्यादा नुकसान इस बात से हुआ है कि सत्ता हासिल करने में अल्पसंख्यकों का जो अहम भूमिका थी, उस भूमिका को ही मोदी ने निष्प्रभावी कर दिया है। उसकी जगह पीएम मोदी ने बहुसंख्यकों की भूमिका को अहम बना दिया है। यानी बहुसंख्यक जिसके साथ है,सत्ता उसी को मिलेगी। यह स्वाभाविक भी लगता है कि सत्ता तो उन लोगों के पास ही रहनी चाहिए जो संख्या में ज्यादा है। लोकतंत्र में भी तो सही उसे माना जाता है जिसके साथ बहुमत होता है। कांग्रेस इस बहुसंख्यकवाद को तानाशाही मानती है। यही वजह है कि उसने अपने मेंनिफेस्टों में बहुसंख्यकवाद का विरोध किया है और अल्पसंख्यकों की तुष्टिकरण के लिए कई तरह के वादे किए हैं।

कांग्रेस अल्पसंख्योकों के जरिए सत्ता हासिल कर उनको तुष्टिकरण करती रही लेकिन उनकी हालत में कभी सुधार नहीं हुआ। अल्पसंख्यक गरीब थे और आज भी गरीब हैं। कांग्रेस की तुलना में पीएम मोदी ने दस साल में बहुसंकख्क समाज के गरीबों सहित सभी वर्ग के गरीबों की गरीबी को मकान, शोचालय, बिजली, पानी,राशन, मुफ्त इलाज की सुविधा देकर जो राहत पहुंचाई है, उससे उनकी तकलीफ तो दूर तो हुई है। इसके लिए पीएम मोदी को पैसा किसी अमीर से छीनना नहीं पड़ता। पीएम मोदी का गरीबी व बेरोजगारी दूर करने का यह अपना तरीका है, सरकार गरीबों की मदद लोन देकर करती है, ताकि वह काम करके अपनी गरीबी,बेरोजगारी खुद दूर कर सकें।

कांग्रेस के गरीबी दूर करने का रास्ता है उसमें लोग सरकार के भरोसे बैठे रहे कि कब सरकार उसको धन देकर उसकी गरीबी दूर करेगी। भाजपा व पीएम मोदी की गरीबी दूर दूर करने का अपना रास्ता है कि सरकार गरीबों को रोजगार करने के लिए लोन देगी, गरीब आदमी खुद रोजगार करके अपनी गरीबी खुद दूर करे। समझने की जरूरत है कि किसी दूसरे के धन से गरीबी दूर नहीं होती है। अपने कमाए धन से ही गरीबी दूर होती है। जो धन कमा सकता है, वह अपनी गरीबी खुद दूर कर सकता है। पीएम मोदी चाहते हैं कि देश के लोग मेहनत से धन कमाने वाले बने, वेल्थ क्रियेटर बने। राहुल गांधी चाहते हैं कि गरीब आदमी सरकार भरोसे बैठे रहे कि सरकार कब धन देकर उसकी गरीबी दूर करेगी। चुनाव में जनता को वोट देकर तय करना है कि उसे राहुल गांधी जैसा नेता चाहिए या पीएम मोदी जैसा नेता चाहिए।

( ये लेखक के अपने विचार हैं )

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239






रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### ओपी चौधरी ने जुटमिल युवा समिति के कार्यों को सराहा

**रायगढ़।** रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने जूटमिल युवा समिति द्वारा लगाए गए प्याऊ में पानी पिया और समिति के कार्यों की सराहना की साथ ही इस मानव सेवा के कार्य में यथासंभव सहयोग करने की बात कही। बतादे की जुटमिल समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भीषण गर्मी को देखते हुए रागिरो के कंठ को तार करने के लिए नींबू का शरबत बाट कर प्याऊ का शुभारंभ किया था। आज ओपी चौधरी बीजेपी सांसद प्रत्याशी राधेश्याम राठिया के साथ प्रचार प्रसार करने जुटमिल क्षेत्र आए हुए थे, दोपहर को तेज धूप होने की वजह से उन्हें प्यास लगी तब उन्हें सड़क किनारे एक प्याऊ दिखाई दिया जहां रुक कर ओपी चौधरी, राधेश्याम राठिया व बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने पानी पिया, जुटमिल समिति के द्वारा लगाए गए प्याऊ में पानी पीकर ओपी चौधरी ने समिति की तारीफकरते हुए कहा की इस भीषण गर्मी में सड़क किनारे रागिरो के लिए पानी की व्यवस्था करना पुण्य का कार्य है, इस मानव सेवा के कार्य में समिति को जो भी सहयोग मेरी ओर से चाहिए वह मैं करने के लिए सहर्ष तैयार हूं।

### जिला स्तरीय स्वीप बाइक रैली का आयोजन कल

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने 27 अप्रैल शनिवार को शाम 05 बजे जिला स्तरीय स्वीप बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा। बाइक रैली में सभी विभाग के प्रतिभागी रहेंगे, इसके लिए हेलमेट अनिवार्य है। इसी प्रकार 28 अप्रैल को साइकल रैली, दिव्यांग रैली, नववधु सम्मेलन जागरूकता कार्यक्रम, कॉलेज/स्कूली बच्चों का मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, एनसीसी/एनएसएस एवं स्काउट गाइड द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं रैली तथा मतदाता जागरूकता पर संदेश और फ्लैशमॉब कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 28 अप्रैल को साइकल रैली का आयोजन शाम 05 बजे कलेक्ट्रेट गेट से सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड तक की जाएगी। प्रतिभागियों को अपनी-अपनी साइकल लाना होगा। दिव्यांग रैली का आयोजन शाम 05:30 बजे से प्रारंभ होगा। रैली सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड से सीएसईबी चौक होकर वापस ग्राउण्ड तक पहुंचेगी। नववधू सम्मेलन जागरूकता कार्यक्रम सुबह 05:35 बजे से सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में आयोजित होगी। इसके तहत प्रतिभागी मेहंदी, रंगोली एवं शपथ कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई ने दिलाई मतदान की शपथ

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान मानव श्रृंखला, रैली, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन व निबंध प्रतियोगिता जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर सतत् रूप से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जनपद पंचायत पाली के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाफा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा ग्रामीणों को लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल अरदा के प्रीतम लाल राजवाड़े के नेतृत्व में मतदान करके लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए डोर-टू-डोर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। जिसके तहत स्काउट गाइड ने गांव में घर-घर जा कर लोगों को मतदान करने की अपील करके ग्रामीणों को जागरूक किया।

# पीएम मोदी ने जमकर की विष्णु सरकार की तारीफ, कहाः सांय-सांय हो रहे काम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उद्बोधनों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की खूब सराहना की। सरगुजा में उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार को पूरे अंक देते हुए कहा कि साय सरकार रॉकेट की गति से काम कर रही है। देश के प्रधानमंत्री मोदी के मुख से निकले ये शब्द निश्चित रूप से विष्णु के सुशासन की सरकार के लिए उत्साहवर्धक साबित होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने सीएम विष्णु देव साय को अपना साथी और भाई कहकर संबोधित किया उन्होंने कहा कि भाई विष्णु जी विकास के लिए बहुत तेजी से काम कर रहे हैं।

अभी ज्यादा समय नहीं हुआ, बहुत कम समय में उन्होंने रॉकेट की गति से सरकार चलाई है। साय सरकार की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इतने कम समय में साय सरकार ने धान पर किसानों को दी हुई गारंटी पूरी कर दी। तेंदूपत्ता संग्राहकों को भी अब ज्यादा पैसा मिलेगा और तेंदूपत्ता की खरीद भी तेजी से होगी।

यहां की माताओं को भी महतारी वंदन योजना से लाभ हुआ है, साथ ही उन्होंने कहा की छत्तीसगढ़ मे जिस तरह कांग्रेस के घोटालेबाजों पर एक्शन हो रहा है ये पूरा देश



देख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने सक्ती के जेठा की सभा मे साय सरकार की कामयाबी का जिक्र करते हुए भूपेश सरकार की नाकामी बताई, उन्होंने साय और बघेल सरकार के बीच अंतर समझाया । उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने जनहित के सारे काम रोक दिए थे लेकिन अब विष्णु देव साय जी हैं तो सारे काम मुझे पूरे करने हैं। उन्होंने साय सरकार के पूरी टीम की तारीफकी और कहा कि छत्तीसगढ़ वासियों के लिए हमने जो गारंटी दी थी उसे हमारे नए मुख्यमंत्री भाई विष्णु देव साय और उनकी टीम ने आते ही 'कमाल' कर दिया। सरकार मे आते ही प्रमुख गारंटियों को प्राथमिकता से पूरा किया। प्रधानमंत्री के भाई जैसे आत्मीयता भरे शब्द साय सरकार पर भरोसे का प्रतीक है। यह बताता है कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रधानमंत्री मोदी के भरोसे पर खरी उतरी है।

धमतरी के श्यामतराई की सभा मे भी प्रधानमंत्री मोदी ने विष्णु देव साय की जमकर तारीफकी और कहा कि 4 जून को चुनाव के नतीजे आने के बाद तीसरी बार मेरी सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ में रोड, रेल, सिंचाई और इंटरनेट कनेक्टिविटी का और तेजी से विस्तार किया जायेगा इससे जुड़ी सारी जानकारियां विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की सरकार लगातार दिल्ली भेज रही है। यह कहकर मोदी ने केंद्र सरकार से लगातार जीवंत संपर्क एवं विकास को लेकर सतत् प्रयास किए जाने की पुष्टि की। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र में नई सरकार बनने के पहले 100 दिन में छत्तीसगढ़ के लिए जो फैसले होंगे उसके लिए इससे मदद मिलेगी। उन्होंने नक्सल उन्मूलन की दिशा मे साय सरकार के प्रयासों की सराहना तो की ही साथ ही भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही की भी तारीफकी। मोदी ने कहा भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और नक्सली हिंसा दोनो को काबू किया है अब छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद तेजी से कम हो रहा है और मैं छत्तीसगढ़ को गारंटी देता हूं माओवाद को और नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करके रहूंगा । भाजपा ने छत्तीसगढ़ के धान किसानों को 3100 रुपए कीमत और 2 साल का बकाया बोनस देने की गारंटी दी थी यहां विष्णु देव जी की सरकार ने इतने कम समय में ही ये गारंटी पूरी कर हजारों करोड़ों रुपए किसानों तक पहुंचा दिए हैं।

# भाठागांव बस स्टैंड से जल्द दौड़ेगी 21 ई-बसें, अब पासपोर्ट की तर्ज पर बनेगा ड्राइविंग लाइसेंस

श्रीकंचनपथ न्यूज

### आम नागरिकों से ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया के बारे में की बातचीत

**रायपुर।** परिवहन सचिव एस. प्रकाश, अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर, उप परिवहन आयुक्त मनोज धुव ने आज भाठागांव अंतर्राज्जीय बस स्टैंड का निरीक्षण किया। बस स्टैंड से 21 ई-बसों का संचालन किया जाएगा।

जिसके लिए ढ़ाई एकड़ जमीन का चिंहाकन किया गया है। उक्त जमीन का परिवहन सचिव व अपर परिवहन आयुक्त ने अवलोकन किया और नगर निगम व विद्युत विभाग को मूलभूत अधोसंरचनाएं विकसित करने के निर्देश



दिए। नगर निगम से एनओसी के लिए आरटीओ रायपुर को निर्देश दिए गए। साथ ही परिवहन सचिव व अपर परिवहन आयुक्त ने पंडरी के ड्राइविंग लाइसेंस सेंटर का निरीक्षण किया। पंडरी के ड्राइविंग लाइसेंस सेंटर में लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया का अवलोकन किया।

आम नागरिकों से लाइसेंस बनाने के प्रक्रिया के बारे में बातचीत की। प्रक्रिया पर संतुष्टि जाहिर की। उन्होंने ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्य को देखा। इसके साथ ही सिटी सेंटर के केंद्र का निरीक्षण कर लाइसेंस मुद्रण कार्य की जानकारी ली। निर्धारित समय-सीमा में वाहन चालकों तक आरसी और ड्राइविंग लाइसेंस पहुंच जाए, यह सुनिश्चित की जाए। अब ड्राइविंग लाइसेंस भी पासपोर्ट की तर्ज बनाया जाएगा। इसकी प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। सिंगल विंडो के माध्यम से ड्राइविंग लाइसेंस बनाया जाएगा, ताकि जल्द से जल्द लाइसेंस पहुंच जाए। आम जनता को किसी प्रकार की ड्राइविंग लाइसेंस बनाने के दौरान परेशानी न हो, इसका भी ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर रायपुर आरटीओ आशीष देवांगन व एआरटीओ प्रतीक शुक्ला सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरूकता के लिए कार्यक्रम किए गए आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, महिला, पुरूषों के द्वारा स्वीप की गतिविधियों के तहत मानव श्रृंखला, रैली, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन व निबंध प्रतियोगिता जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर सतत् रूप से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में पोंडी उपरोड़ा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम मुकुआ ग्राम पंचायत मेरई, लैंगा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण महिलाओं के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में मतदाता जागरूकता हेतु रंगोली एवं पोस्टर बनाकर ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं ने मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई तथा मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से मतदान करने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। ग्राम पंचायत मौहाडीह में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए पोस्टर बनाकर गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। द्वारा मतदान करने की सामूहिक शपथ लेकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संदेश दिया।

## पहली बार लगी निर्वाचन ड्यूटी को लेकर मतदान कर्मियों में उत्साह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** लोकसभा निर्वाचन के दूसरे चरण में कांकेर लोकसभा क्रमांक-11 के निर्वाचन के लिए आज शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज नाथियानवागांव स्थित वितरण केंद्र से मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों को ईव्हीएम, व्हीव्हीपैट, कम्पार्टमेंट और आवश्यक मतदान सामग्री देकर रवाना किया गया। इस दौरान मतदान केंद्र पांडरवाही के लिए रवाना होते हुए संगवारी मतदान दल की सदस्य भी उत्साहित नजर आईं।

मतदान दल की अधिकारी क्रमांक-03 सुश्री खुशबू पटेल ने बताया कि उनकी टीम की सभी सदस्यों की पहली बार निर्वाचन कार्य में ड्यूटी लगी है, जिसे लेकर सभी काफ़ी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में मतदान कराने का महत्वपूर्ण दायित्व मिला है, उसे पूरी जिम्मेदारी और गम्भीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगी और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना योगदान देंगी। इस दौरान उन्होंने सभी मतदाताओं से मतदान केंद्रों में आकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील की। उन्होंने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को इस महत्वपूर्ण दायित्व का हिस्सा बनाने के लिए धन्यवाद भी दिया। संगवारी मतदान केंद्र पांडरवाही के मतदान दल में पीठासीन अधिकारी डामेश्वरी यादव, मतदान अधिकारी-01 नीता साहू, मतदान अधिकारी-02 ओजस्वी बघेल के अलावा सुरक्षा कर्मी भागीराम जुर्री और सुनीता कुंजाम शामिल थीं। मतदान अधिकारी क्रमांक-03 की पहली बार निर्वाचन में ड्यूटी लगी है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत प्राथमिक शाला सलिहापारा के मतदान केन्द्र के लिए नियुक्त पीठासीन अधिकारी सीमा सोनवानी, कुमुदिनी पैकरा, शतरूपा पुजारी और योगमाया साहू ने भी बताया कि निर्वाचन में उनकी यह दूसरी बार ड्यूटी लगी है।

# भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को जिताने घर-घर जनसंपर्क अभियान निरंतर जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। शीर्ष नेतृत्व के आदेशानुसार भाजपा फाफाडीह मंडल के अंतर्गत राजीव गांधी वार्ड-13 के सभी बुथो पर 10 महिलाओं की टोली बनाकर आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए बुथ क्रमांक-33(देवेन्द्र नगर ) में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया गया।

लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के प्रचार-प्रसार पॉम्पलेट बाटकर बुथ की आम जनता से भाजपा के पक्ष में वोट देने के लिए अपिल किया गया और केन्द्र की योजनाओं को बताकर कमल फूल के बटन को दबाकर भारी मतों से विजयी बानाने के लिए कहा गया। बुथ क्रमांक -33 में जनसंपर्क करते हुए हम सभी राजीव गांधी वार्ड-13 के पार्षद कार्यालय में चाय पे चर्चा कि और हमारे पार्षद श्री तिलक



भाई पटेल जी के मुखाग्र बिंदु से लोकसभा चुनाव के संदर्भ हमें उद्बोधन प्राप्त हुआ।

इस जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती पल्लवी भोसले जी एवं बुथ क्रमांक-33 के पूर्व अध्यक्ष निरूराम टेके जी, तथा वर्तमान बुथ अध्यक्ष श्री नकुल संघवी जी ,बरखा सिंह जी, रजनी साहू जी,राधा चंद्राकर जी, रेखा साहू जी, सुशीला ठाकुर जी, सुनीता साहू जी, शशि यादव जी, शांति ध्रुव जी उपस्थित थे..

# कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह से मिले रायपुर के आर.जे., एफएम रेडियो के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा है मतदान के लिए प्रेरित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह की पहल पर एफ एम. रेडियो चैनल के मशहूर आर.जे. अपनी आवाज़ व कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को 07 मई को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे है। मतदाता जागरूकता हेतु ये आर.जे. शत् प्रतिशत मतदान के लिए अपने खास कार्यक्रम भी तैयार किए है। इसके अलावा 07 मई से पहले निरंतर कार्यक्रमों के जरिए भारतीय लोकतंत्र में मतदान के महत्व को बताने विस्तृत कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई है।

एफएम. रेडियो 94.3 के आर.जे. अनिमेश, रेडियो मिर्ची की ऋचा और एफएम. तड़का के नरेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर डॉ. सिंह से मुलाकात कर शत्




प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने रेडियो चैनल्स द्वारा किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया।कलेक्टर ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए सभी से मतदान की अपील की है ।

कलेक्टर डॉ. सिंह से इस विशेष मुलाकात के लिए ये आर.जे. आज कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। इस अवसर पर नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप भी कलेक्टर के साथ थे। इस दौरान आर.जे. ने जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदान हेतु की जा रही सघन तैयारियों की जानकारी ली एवं सेक्टर ऑफिसर्स, पीठासीन अधिकारियों, मतदान दल की जिम्मेदारियों से अवगत हुए।

आर.जे. अनिमेश ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में मतदान हर नागरिक की सबसे बड़ी व पहली जिम्मेदारी है। हर मतदाता अपनी जिम्मेदारी समझ कर 07 मई को मतदान हेतु सबसे पहले मतदान केन्द्र पहुंचे, इसके लिए रायपुर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा की गई समस्त प्रबंधों से मतदाताओं को अवगत कराया जा रहा है। मतदान केन्द्रों में इस बार मूलभूत सुविधाओं के साथ ही बुजुर्ग, महिलाओं व अन्य मतदाताओं के लिए कई महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं निर्धारित है। तेज गर्मी में मतदाताओं को कोई असुविधा न हो, इसके लिए पंडाल, पेयजल सहित सभी ज़रूरी व्यवस्थाएं रायपुर जिला प्रशासन द्वारा की गई है। ऐसे ही सभी व्यवस्थाओं से आम मतदाताओं को अवगत कराया जा रहा है। आर.जे. ऋचा ने बताया कि मतदान प्रतिशत को बढ़ाने रेडियो पर मिर्ची मतवाला जैसे विशेष कार्यक्रम प्रसारित किए जा रहे है। इसके माध्यम से राष्ट्र निर्माण में वोट के महत्व को समझाया जा रहा है। शहरी मतदाताओं से बात कर उनके इंटरव्यू भी लगातार प्रसारित हो रहे है। आर.जे. नरेन्द्र ने अपने रेडियो चैनल द्वारा मतदाताओं को प्रेरित करने तैयार किए गए कार्यक्रमों की रूपरेखा से सभी को अवगत कराया और उन्होंने बताया कि शहर में निरंतर आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों से संबंधित प्रसारण के साथ ही न्यूज मेंशन, समाचारों व उद्घोषणाओं में पूरी प्रमुखता से 07 मई को मतदान करने हेतु संदेश प्रसारित किए जा रहे हैं।


Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### कलेक्टर स्वयं पहुंचे मतदाताओं के घर, दिया मतदाता पर्ची

**रायपुर ( ए. )।** रायपुर नगर पश्चिम विधानसभा में स्थित माधव राव सप्रे वार्ड के निवासियों के घर जाकर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने स्वयं रघु गोंड एवं आस पास के अन्य मतदाताओं के घरों में जाकर भी मतदाताओं के हाथों में मतदाता पर्ची देकर नागरिकों को मतदान करने की अपील किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर घर-घर मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। इस दौरान रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, एसडीएम नंदकुमार चौबे उपस्थित थे।

### अंगुली की स्याही दिखाने पर 30 प्रतिशत छूट में मिलेगा भोजन

**रायपुर ( ए. )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान करते हुए प्रतिष्ठित होटल एवं रिसॉर्ट ग्रुप मे-फेयर लेक रिसॉर्ट ने अभिनव पहल कर 7 मई को मतदान करने वाले हाथ की स्याही दिखाने वाले मतदाताओं के लिए स्पेशल डिस्काउंट ऑफर की घोषणा की है। इसके तहत 7 मई से 12 मई तक सभी मतदाताओं को कार्ट ऑर्डर व बुफे पर स्पेशल डिस्काउंट दिया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अन्य संस्थानों के लिए भी अनुकरणीय बताया है। मे-फेयर लेक रिसॉर्ट के रिलेशनशिप ऑफिसर नीलेश ने आज कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह से मुलाकात कर अपने इस ऑफर से अवगत कराया। मे-फेयर लेक रिसॉर्ट द्वारा मतदान तिथि 7 मई को वोट देने वाले मतदाताओं को भोजन सूची (कार्ट) पर ऑर्डर करने पर 30 प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जाएगा। इसके अलावा तीन व्यक्तियों के बुफे पर एक अतिरिक्त व्यक्ति का बुफे निःशुल्क होगा। ताकि लोग अधिक से अधिक वोट करने के लिए प्रेरित हो। मे-फेयर प्रबंधन के अनुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता हेतु यह पहल की गई है। श्री निलेश ने कहा 7 मई को कीजिए वोट,बचाइए 30त्न नोट के टैग लाईन से हम मतदाताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से यह स्कीम लागू कर रहे हैं। यह ऑफर 07 मई से 12 मई 2024 तक उपलब्ध रहेगी। प्रबंधन द्वारा इस आशय का पत्र भी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा है। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप उपस्थित थे।

जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

# तीन जोनों में स्मार्ट सिटी के कार्यों से नाराज हुए एमडी



**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के जोन क्रमांक 2, 4 और 7 में स्मार्ट सिटी के द्वारा किये जा रहे कार्यों से मैनेजिंग डायरेक्ट अबिनाश मिश्रा नाराज दिखे। उन्होंने इन जगहों के साथ ही बाकी जगहों के कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।

निगम मुख्यालय भवन में श्री मिश्रा ने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, स्मार्ट सिटी के उप प्रबंधक पी के पंचायती, जोन क्रमांक 6 के कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा तथा स्मार्ट सिटी में पूर्व के कार्य कर चुके उप अभियंता अंशुल शर्मा समेत स्मार्ट सिटी के अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में श्री मिश्रा ने कहा कि जोन क्रमांक 2, 4 और 7 में बहुत सारे कार्य अधूरे हैं। वहां कई ऐसे भी कार्य भी जिनके कर देने से उन जगहों की दशा बदल जाएगी और वह जगह सुंदर दिखने लगेगी। बूढ़ापारा के धरनास्थल के सौंदर्यीकरण और महराज बन्ध तालाब फेस 2 के तथा अन्य कार्यों की उन्होंने समीक्षा की। जून महीने में स्मार्ट सिटी के कार्यों के लिए आए पैसे लेप्स हो जाएंगे।

इस पर उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य के पैसे लेप्स ना, इसलिए जल्द से जल्द सारे कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित किया। किसी कार्य के लिए भारत सरकार से यदि 50 लाख रुपए की स्वीकृत मिल कर उसे कार्य की किस्त 20 लाख मिल गई हो तो उस कार्य को पूर्ण कर बाकी रकम प्राप्त करने हेतु कार्यवाई की जाए। बैठक में सदर बाजार और मालवीय रोड की ट्रैफिक्र व्यवस्था के लिए भी विचार किया गया। इन दोनों मार्गों में चौपहिया वाहनों के आवाजाही रोकने योजना बनाने कहा गया। इन जगहों के दुकानदारों और रहवासियों के वाहनों के लिए पास देने और पुल बोर्ड बनाने पर भी विचार किया। निगम के पुरानी बिल्डिंग की जगह पर किसी योजना आने तक उस जगह का उपयोग पार्किंग के लिए करने पर भी विचार किया गया।

### किसान कांगेस प्रदेश अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**रायपुर (ए.)।** किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राम विलास साहू ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपने इस्तीफा पत्र में लिखा, कांग्रेस पार्टी की स्थापना जिस मूल्यों के आधार पर हुई हैं, आज कांग्रेस पार्टी उससे पुरी तरीके से भटक चुकी हैं। जिसका सबसे बड़ा प्रमाण हैं इस देश के बहु संख्यक हिन्दुओं की भावनाओं को कुचलक हम सब के आराध्य भगवान रामजी की जन्म स्थलीय अयोध्या में उसके मूर्ति के स्थापना के आमंत्रण को ढुकरा देना, देश की एकता को तार तार करने वोले कश्मीर में लगाए गए धारा 370 के खत्म होने का विरोध करना, अल्पसंख्यक को खुश करने के लिए हिन्दुओं को अपमानित करना उसके अलावा वोटों की राजनीति के लिए किसानों की हितों की बात कही है।

## बिखरते परिवारों को जोड़ने में सफल हो रहा परिवार परामर्श केंद्र

**रायपुर ( ए. )।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक IUCAW ममता देवांगन, उप पुलिस अधीक्षक IUCAW ललिता मेहर के मार्गदर्शन में टूटते परिवारों को जोड़ने हेतु महिला थाना रायपुर द्वारा प्रतिदिन पारिवारिक काउन्सलिंग कराई जाती है।

सामान्यत: पारिवारिक मामले बहुत संवेदनशील प्रकृति के होते हैं जिसे संवेदनशीलता तथा धैर्यपूर्वक ही सुलझाया जा सकता है। पति के द्वारा नशा करके घर में मारपीट करना, मोबाइल का अनावश्यक उपयोग, चारित्रिक शंका जैसे कारण परिवार में कलह का कारण बनते हैं। ऐसे मामलों को सुलझाने में परिवार परामर्श केंद्र काफी सफल रहा है। महिला थाना में प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में पारिवारिक मामले आते हैं जिसमें विधिवत काउन्सलिंग की जाती है। काउन्सलिंग के माध्यम से लगभग 50-60 प्रतिशत परिवारों को टूटने से बचाया जाता है। वर्ष 2024 में अब तक लगभग 500 मामले दर्ज हुए है, जिसमे से 135 की सफ्ल कॉउंसलिंग कराई जा चुकी है एवं अन्य मामलो में कॉउंसलिंग की जा रही है।

**केस 1** -ग्राम पलारी निवासी पीड़िता ने महिला थाना में पति, ससुर द्वारा छोटी छोटी बातों को लेकर झगड़ा एवं दहेज़ प्रताड़ना करते थे, स्त्रीधन को दिलाने की बात को लेकर थाना आई थी दोनों पक्षों का काउंसलिंग किया गया, तीसरी बार की काउंसलिंग के बाद परिवार को टूटने से बचाया गया। आज सफल दांपत्य जीवन व्यतीत कर रहे है। समय समय पर महिला थाना से फोन से संपर्क कर खुशहाली जीवन के सम्बन्ध में जानकारी ली जाती है।

**केस 2** - प्रियदर्शनी नगर, रायपुर निवासी दम्पति जिसमें दोनों प्रेम विवाह कर दांपत्य जीवन व्यतीत कर रहे थे, कि जो की जरुरत से ज्यादा मोबाइल फोन में व्यस्त रहने के कारण एक दूसरे के प्रति अविश्वाश व शंका के कारण दांपत्य जीवन में दरार आने लगा, जिससे घर में आये दिन झगड़ा विवाद होता था। महिला थाना में कॉउंसलिंग कराया गया, जो सफल जीवन व्यतीत कर रहे है।

**केस 3** - बिलासपुर निवासी दम्पति जिसमें शादी के बाद पति पत्नी व सास ससुर आधुनिक विचार व पुराने विचार के मध्य सामंजस्य के ना होने के कारण छोटी छोटी बातो को लेकर झगड़ा, विवाद से परिवार टूटने की कगार पर था। महिला थाना में कॉउंसलिंग कर परिवार को जोड़ा गया।

**केस 4** - रायपुर निवासी दम्पति जिसमें शादी के बाद से पति के शराब सेवन से आये दिन झगड़ा विवाद होता था और परिवार टूटने के कगार पर था। पारिवारिक कॉउंसलिंग महिला थाना रायपुर में कराकर परिवार को जोड़ा गया।

# फिल्म निर्माण के अलावा डिस्ट्रीब्यूशन में भी है रोजगार की अपार संभावनाएं : लाभांश

आंजनेय विश्वविद्यालय में फिल्म क्लब का उद्घाटन, छत्तीसगढ़ी सिनेमा होगी विकसित



**रायपुर ( ए. )।** आंजनेय विश्वविद्यालय में फिल्म क्लब का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लाभांश तिवारी फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर एवं श्याम सिनेमा रायपुर के संचालक और शांतनु पाटनवार फिल्म निर्देशक मौजूद थे। विश्वविद्यालय द्वारा फिल्म निर्माण और डिस्ट्रीब्यूशन के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाओं को देखते हुए क्लब के अंतर्गत विभिन्न आयोजन समय-समय पर करती रहेगी, जिसका लाभ क्लब से जुड़ने वाले विद्यार्थियों को होगा।

मुख्य अतिथि लाभांश तिवारी ने कहा कि सिनेमा में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं साथ ही जब कोई सिनेमा कमाई करती है तो उसका फायदा सिनेमा घर, कैंटीन के साथ फिल्म के छुटते ही बाहर खड़े आटो वालों को भी मिलता है. उन्होंने बताया कि किसी फिल्म के निर्माण से लेकर उसके प्रदर्शन के बीच एक लंबी श्रृंखला होती है जहां सैकड़ों लोग काम करते हैं। हिंदी फिल्मों के साथ-साथ अब छत्तीसगढ़ी सिनेमा में भी बड़े बजट की फिल्मों का निर्माण हो रहा है।

फिल्म निर्देशक शांतनु पाटनवार ने इस अवसर पर कहा कि फिल्में समाज का आईना हैं। अब छत्तीसगढ़ी सिनेमा भी विषयों पर केन्द्रित होने लगी हैं। आज भी एक बड़ा दर्शक वर्ग छत्तीसगढ़ी फिल्मों का इंतजार यू-ट्यूब पर करता है जबकि जो फिल्में आपको अपील करती है उन्हें दर्शकों को सिनेमाघरों में देखना चाहिए, तभी हमारा सिनेमा समृद्ध हो पायेगा। उन्होंने आगे कहा कि आंजनेय विश्वविद्यालय में फिल्म क्लब का निर्माण यहां के विद्यार्थियों के सपनों को पंख देगा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी रामाराव ने कहा कि विश्वविद्यालय न्यूनतम फीस में फिल्म अध्ययन की शिक्षा प्रदान कर रहा है। इसी क्रम में यह क्लब अन्य विषयों से जुड़े विद्यार्थियों को भी इसका लाभ मिलेगा। महानिदेशक डॉ. बीसी जैन ने कहा कि हर विद्यार्थी को अपने अन्दर छुपे कलाकार को पहचान कर इस क्लब के माध्यम से अपने सपनों को पूरा करना करना चाहिए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि क्लब विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करेगा जो विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करेगा। फिल्म क्लब के संयोजक अंकित शुक्ला ने कहा कि यह क्षेत्र पहले संकुचित था जिसमे लोग जाने से बचते थे, लेकिन अब हर व्यक्ति इस विधा से जुड़ना चाहता है1

अग्रसेन महाविद्यालय व महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय द्वारा आयोजित 5 दिवसीय कार्यशाला शुरू

# शोध-प्रस्तुति, सारगर्भित, रोचक व जिज्ञासा पैदा करने वाली हो : प्रो बनर्जी




**रायपुर ( ए. )।** अग्रसेन महाविद्यालय व महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को न्यू मेथोडोलॉजी इन रिसर्च प्रजेंटेशन विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई। दाऊ अमरीश कुमार लक्ष्मेश्वर दयाल अग्रवाल छत्तीसगढ़ी अग्रवाल भवन के दाऊ रामखिलावन सभागार में आयोजित इस कार्यशाला का उदघाटन रामचन्द्र स्वामी जैतूसाव मठ सार्वजानिक न्यास के ट्रस्टी तथा शिक्षा प्रचारक समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी ने किया।

कार्यशाला के प्रारंभिक सत्र को संबोधित करते हुए शासकीय जे. योगानन्दम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमिताभ बनर्जी ने कहा कि समय के साथ समाज में अनेक बदलाव हो रहे हैं। इसलिए समाज के इन नए सन्दर्भों और हर दिन प्रकट होने वाली नई अवधारणाओं को देखते हुए इसके अध्ययन के लिए हमें नई प्रविधियों और तकनीकों की जरूरत है। लेकिन प्रस्तुति में बहुत ज्यादा तकनीक पर ध्यान देने से विषय छूट सकता है- इसका भी ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्लाइड का आरम्भ बहुत ही स्पष्ट और सटीक होना चाहिए। साथ ही स्लाइड के इन्फोग्राफिक्स, चित्र और आंकड़ों का भी आवश्यक उपयोग करना चाहिए। लेकिन इसकी अधिकता न हो, अन्यथा प्रस्तुति निष्प्रभावी हो सकती है। डॉ बनर्जी ने कहा कि पहला स्लाइड प्रभावी और जिज्ञासा पैदा करने वाला हो। उन्होंने कहा कि लेस-इज-मोर और मोर-इज-मोर के सूत्र के अनुसार स्लाइड की संख्या तय करें। प्लेगियरिज्म से बचने के लिए जो भी टेक्स्ट इस्तेमाल करें, उसके स्रोत का उल्लेख अवश्य करें। विषय की प्रस्तुति इस तरह रखें, कि दर्शक-समूह में उपस्थित सामान्य व्यक्ति भी आपके विषय को जानने के लिए उत्सुक हो सके। उन्होने कहा कि दर्शकों के संभावित प्रश्नों के उतर देने के लिए भी शोधार्थी को पूरी तैयारी रखना जरुरी है। डॉ. बनर्जी ने कहा कि प्रस्तुति के अन्त में विषय की अवधारणा को इस तरह प्रस्तुत करें कि दर्शक उसे स्थायी रूप से याद रखने को प्रेरित हो सके।

इससे पहले महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ देवाशीष मुखर्जी ने विषय की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए वर्तमान समय में छत्तीसगढ़ को उच्च शिक्षा के विभिन्न मानकों में 19वां रैंक मिला हुआ है, जिसमें निश्चित ही सुधार की आवश्यकता है। इसके लिए यहां शोध को बढ़ावा देने की जरुरत है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए यह कार्यशाला आयोजित की गई है। इस अवसर पर महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ. वीके अग्रवाल ने कहा कि उच्च शिक्षा में शोध आधारित अध्ययन का विशेष महत्व है। क्योंकि इससे समाज को आने वाली चुनौतियों की जानकारी होती हैं। साथ ही इन चुनौतियों के समाधान का विकल्प भी शोध के माध्यम से प्राप्त होता है। महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति के सचिव एवं वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ अमित अग्रवाल ने इस कार्यशाला को सभी शोधार्थियों के लिए मार्गदर्शक बताया और कहा कि ऐसे आयोजन से शोध के लिए एक उपयुक्त वातावरण का निर्माण होता है।

आभार प्रदर्शन करते हुए प्राचार्य डॉ. युलेन्द्र कुमार राजपूत ने कहा कि उच्च शिक्षा में कार्य करने वालों के लिए शोध और सतत अध्ययन सबसे अनिवार्य हिस्सा है। इसमें निरंतर सुधार के लिए सभी प्राध्यापकों को अपने अनुभव और ज्ञान का विस्तार करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न विषयों में समय के साथ निरंतर नए-नए आयाम जुड़ते जा रहे हैं। इन सभी पर शोध अध्ययन की आवश्यकता को देखते हुए यह कार्यशाला आयोजित की गई है, जो सभी के लिए उपयोगी है। पांच दिनों तक चलने वाली इस कार्यशाला में शोध समस्या (रिसर्च प्रोब्लम) को परिभाषित करने के साथ ही शोधार्थी को उपयुक्त रिसर्च डिजाइन (शोध संरचना) के चयन के लिए समुचित मार्गदर्शन दिया जायेगा। साथ ही शोध परिकल्पना तैयार करने सहित शोध की दिशा निर्धारित करने एवं इसमें सांख्यिकी-आधारित सॉफ्टवेयर के उपयोग पर चर्चा की जाएगी।

इस आयोजन की संकल्पना शिक्षा प्रचारक समिति के अध्यक्ष अजय तिवारी, महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ. वीके अग्रवाल, महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति के सचिव डॉ अमित अग्रवाल, महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देवाशीष मुखर्जी ने की है। वहीं कार्यशाला का संयोजन संयुक्त रूप से अग्रसेन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ युलेंद्र कुमार राजपूत, आईक्यूएसी की कोआर्डिनेटर डॉ डॉली पाण्डेय, कंप्यूटर संकाय के विभागाध्यक्ष प्रो विकास शर्मा एवं महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय में वाणिज्य विषय के प्राध्यापक प्रो ललित मोहन वर्मा, कंप्यूटर संकाय के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार चन्द्राकर ने किया है।

## राजधानी के मालवीय रोड में अंडर ग्राउंड केबलिंग प्रोजेक्ट पूरा



**रायपुर ( ए. )।** शहर के व्यस्ततम व पुराने व्यावसायिक प्रक्षेत्र के रूप में पहचान रखने वाले मालवीय रोड को सुव्यस्थित करने का कार्य रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने पूर्ण कर लिया है। नगर निगम कमिश्नर व रायपुर स्मार्ट सिटी के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर इस मुख्य मार्ग में बेतरतीब बिजली के तारों को भूमिगत केबल बिछाकर व्यवस्थित किया गया है।

इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत मालवीय रोड के 650 मीटर लंबे मार्ग से 11 केबी एचटी के साथ एलटी लाइन की अंडर ग्राउंड केबलिंग की गई है तथा सीएसपीडीसीएल द्वारा पूर्व में स्थापित खंभे को हटाने का कार्य भी किया गया है। लगभग 7 करोड़ रुपए की लागत से पूर्ण किए गए इस प्रोजेक्ट के पूरा हो जाने से सड़कों के उपर फैले बिजली के तार हटा दिए गए है, वहीं केबल कनेक्शन के तार बिजली के खंभों पर लगे होने से तारों का जो जाल दिखाई देता था, उसे भी दूर किया गया है।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# हॉरर कॉमेडी में धमाल मचाने पूरी तरह तैयार सनी लियोन



हॉरर कॉमेडी शैली के अंतर्गत आने वाली फिल्मों की अच्छी मांग है। जो लोग हॉरर और थ्रिलर तत्वों को पसंद करते हैं, और जो लोग मनोरंजन पसंद करते हैं वे भी उन्हें समान रूप से पसंद करेंगे। खैर, सनी लियोन आगामी हॉरर कॉमेडी में मंदिरा के रूप में धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जहां वह मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। विजन मूवी मेकर्स के बैनर तले इस फिल्म का निर्देशन आर युवान कर रहे हैं। यह साई सुधाकर कोमलपति द्वारा निर्मित और कोमलपति श्रीधर द्वारा प्रस्तुत किया गया है। अंतरिम तौर पर मेकर्स इस फिल्म का अपडेट लेकर आए हैं. मंदिरा से सनी लियोन का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया गया। हालांकि वह रानी के रूप में खूबसूरत लगती हैं, लेकिन भूत के रूप में वह जो किरदार निभाती हैं वह दर्शकों को डराने वाला है। पोस्टर ने निश्चित रूप से फिल्म के प्रति उत्सुकता पैदा कर दी है। इस फिल्म की शूटिंग पहले ही पूरी हो चुकी थी. फिल्म यूनिट पोस्ट-प्रोडक्शन गतिविधियों में व्यस्त है। बाकी विवरण जल्द ही घोषित किए जाएंगे।

# शादी एक खूबसूरत मिलन, लेकिन बड़ी जिम्मेदारी है : मीरा देओस्थले



टीवी शो कुछ रीत जगत की ऐसी है में नंदिनी की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस मीरा देओस्थले ने मैरिज इंस्टिट्यूशन पर अपनी राय पेश की। उन्होंने कहा कि यह खूबसूरत मिलन के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है।

मीरा ने कहा, मुझे लगता है कि शादी एक खूबसूरत मिलन है और एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। एक नए परिवार में आते ही एक महिला का जीवन बदल जाता है। मेरे किरदार नंदिनी के लिए, रतन्शी परिवार का हिस्सा होने का उत्साह बहुत अधिक है, लेकिन इसके पीछे असहज तनाव छिपा हुआ है। उन्होंने आगे कहा, नरेन के पिता हेमराज एक चेतावनी देते हैं, और रौनक की छिपी हुई हरकतें भ्रम को बढ़ा देती हैं। नंदिनी ने हमेशा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ अपनी आवाज उठाई है, और अब उसे लगता है कि वह अपने नए परिवार के भीतर छिपी जटिलताओं को उजागर करने की कगार पर है। कुछ रीत जगत की ऐसी है सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर सोमवार से शुक्रवार प्रसारित होता है।

# उर्वशी रौतेला ने रेड बॉडीकॉन ड्रेस पहन बिखेरा जलवा

## एक्ट्रेस की कातिल अदाओं ने बढ़ाया सोशल मीडिया का पारा




उर्वशी रौतेला बॉलीवुड की सबसे हॉट अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह अपने अद्भुत अभिनय कौशल के लिए जानी जाती हैं। वह एक मॉडल भी हैं और उन्होंने खुद को बहुत अच्छे से मेंटेन करके रखा है। वह बेहद हॉट दिखती हैं और अपने आउटफिट को खूबसूरती से स्टाइल करती हैं। इंडस्ट्री में अपना जलवा बिखेर रही हैं और उन्होंने अपने करियर में काफी कुछ हासिल किया है। वह अपने कातिलाना लुक के लिए फैंस द्वारा पसंद की जाती हैं। एक्ट्रेस को आमतौर पर आउटफिट पहने हुए देखा जाता है और वह शानदार दिखती हैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला हमेशा अपनी खूबसूरती और स्टाइलिश लुक के लिए जानी जाती हैं। एक बार फिर वह सोशल मीडिया पर अपनी ग्लैमरस तस्वीरों से धमाल मचा रही हैं। हाल ही में, उर्वशी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह रेड बॉडीकॉन ड्रेस पहने हुए नजर आ रही हैं। इस ड्रेस में उर्वशी बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उन्होंने अपने लुक को स्टाइलिश सिल्वर नेकलेस और खुले बालों से पूरा किया है।

उर्वशी की इन तस्वीरों को उनके फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। तस्वीरों पर सोशल मीडिया पर जमकर लाइक्स और कमेंट्स आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, आप तो कितनी खूबसूरत हैं उर्वशी जी। वहीं, दूसरे यूजर ने लिखा, आपका यह लुक कमाल का है। उर्वशी रौतेला सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी तस्वीरें और वीडियो अपने फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं।

# बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया को पुलिस ने किया तलब

## आईपीएल 2023 से जुड़ा केस, संजय दत्त को भी बुलाया



बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को पुलिस ने तलब किया है। महाराष्ट्र साइबर डिपार्टमेंट ने उन्हें 29 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा है। खबर है कि आईपीएल यानी इंडियन प्रीमियर लीग के मैच की अवैध स्ट्रीमिंग मामले में भाटिया से पूछताछ की जानी है। इससे पहले अभिनेता संजय दत्त को भी तलब किया गया था, लेकिन उन्होंने नई तारीख की मांग की थी।

समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, Fairplay App पर आईपीएल 2023 की अवैध स्ट्रीमिंग के कथित तौर पर प्रचार के चलते भाटिया से सवाल पूछे जाएंगे। उन्हें गवाह के तौर पर तलब किया गया है। एक मीडिया रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि यह ऐप महादेव ऑनलाइन गेमिंग एंड बेटिंग ऐप की सहायक ऐप है।

खबर है कि इसके चलते वायकॉम को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ था। बीते साल सितंबर में वायकॉम18 की तरफ से शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद एफआईआर हुई। शिकायत की गई थी कि फेयरप्ले प्लेटफॉर्म अवैध रूप से IPL की स्ट्रीमिंग कर रहा है, जिसके चलते वायकॉम को 100 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

इस संबंध में एक्टर संजय दत्त को 23 अप्रैल को तलब किया गया था, लेकिन वह तब पेश नहीं हुए। खबर है कि उन्होंने बयान देने के लिए नई तारीख की मांग की थी और कहा था कि वह उस तारीख पर भारत में नहीं थे। महाराष्ट्र साइबर सेल की तरफ से पहले ही सिंगर बादशाह और दत्त, जैकलीन फर्नांडिज के मैनेजर्स के बयान दर्ज कर चुकी है।



# बॉडी शेमिंग का शिकार हो चुकी हैं मृणाल ठाकुर

## आज से ओटीटी प्राइम वीडियो पर होगी स्ट्रीम



मृणाल ठाकुर को हाल ही में फिल्म 'द फैमिली स्टार' में देखा गया था। इसमे विजय देवरकोंडा भी नजर आए थे। अब ये फिल्म कल यानी 26 अप्रैल से ओटीटी प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। इसी बीच अभिनेत्री ने अपने जीवन और करियर के बीच सही संतुलन पर खुलकर बात की। इसके अलावा उन्होंने भबताया है कि वह अपने एग्स फ्रीज करवाना चाहती हैं।

साउथ और बॉलीवुड सिनेमा की हीरोइन मृणाल ठाकुर अपनी प्रोफेशनल लाइफ से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में बनी रहती हैं। इस बार भी कुछ ऐसा ही हुआ है। मृणाल ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि उन्हें अक्सर बॉडी शेमिंग का शिकार होना पड़ता है और उन्होंने कसम खाई है कि वह ब्यूटी स्टैंडर्ड्स को बदलने जा रही हैं। इसके अलावा उन्होंने अपने एग्स फ्रीज कराने को लेकर भी खुलकर बात की।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, मृणाल ठाकुर ने अपने जीवन और करियर के बीच सही संतुलन पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा, जीवन और करियर में संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है लेकिन आप हमेशा यह पता लगाने की कोशिश करते रहते हैं कि उस संतुलन को कैसे बनाया जाए। मैं जानती हूं कि रिश्ते कठिन होते हैं और इसलिए आपको सही साथी ढूंढने की जरूरत है जो आपके काम की प्रकृति को समझता हो।

मृणाल ने अपने बॉडी शेमिंग के बारे में भी खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि उन्हें अक्सर निगेटिव कमेंट्स मिलते हैं। उन्होंने कहा, मैं अपने कर्व्स को दिखाकर उस ब्यूटी स्टैंडर्ड को बदलने जा रही हूं। पहले मैं बॉडी-हगिंग कुछ भी पहनने से बहुत डरती थी, लेकिन अब मुझे पसंद है बॉडी-हगिंग।

# जेलर के सीक्वल को लेकर बड़ा अपडेट, हुकुम होगा फिल्म के अगले भाग का नाम!



बीते साल सुपरस्टार रजनीकांत फिल्म जेलर में नजर आए। नेल्सन द्वारा निर्देशित जेलर ने अपनी रिलीज के साथ ही इतिहास रच दिया। फिल्म को दर्शकों ने खूब पसंद किया और बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने जबर्दस्त सफलता हासिल की। इसके साथ ही जेलर तमिल सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बन गई। बीते कुछ समय से जेलर के सीक्वल को लेकर अटकलें सामने आ रही हैं। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के निर्देशक नेल्सन बीते कई महीनों से जेलर 2 पर काम कर रहे हैं। उम्मीद है कि जल्द ही रजनीकांत के फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आ सकती है।

रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के निर्देशक नेल्सन जून से जेलर 2 की तैयारी शुरु कर देंगे। चर्चा है कि जेलर 2 का पहला ड्राफ्ट फाइनल कर लिया गया है। मुथुवेल पांडियन ने फिल्म की कहानी को आगे बढ़ाने के लिए एक दमदार सीक्वल तैयार किया है, जिसे लेकर रजनीकांत और सन पिक्चर्स से भी मंजूरी मिल गई है। खबर है कि नेल्सन जून 2024 से इसके प्री-प्रोडक्शन पर काम करना शुरू कर देंगे। कहा जा रहा है कि निर्देशक नेल्सन फिल्म के लिए दो नामों पर विचार कर रहे है। पहला जेलर 2 और दूसरा हुकुम। चर्चा ये भी है कि टीम के ज्यादातर सदस्यों को हुकुम ज्यादा पसंद आ रहा है। वहीं, इस साल के अंत तक फिल्म को फ्लोर पर ले जाने पर विचार किया जा रहा है, तब तक वे रजनीकांत लोकेश कनगराज की थलाइवर 171 की शूटिंग पूरी कर लेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रजनीकांत ने हाल ही में लोकेश कनगराज की फिल्म के प्रोमो की शूटिंग पूरी की, जिसका जल्द ही एलान किया जाएगा। लोकेश कनगराज की इस फिल्म की शूटिंग मई या फिर जून 2024 में शुरू होने की उम्मीद है। इसे फिल्म को लेकर अभी से तमिल सिनेमा में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### सेग्रिगेशन का फीडबैक लेने नागरिकों के पास पहुंचे कमिश्नर

**रायपुर ।** रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने सुबह डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में नागरिकों के घर - घर जाकर गीला और सूखा कचरा अलग - अलग लेने के कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने नागरिकों से फीडबैक भी लिया। नागरिकों से मतदाता पर्ची प्राप्त हुई कि नहीं इसकी भी जानकारी ली। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि आज सुबह कमिश्नर श्री मिश्रा ने डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में घर - घर जाकर सूखा और गीला कचरा अलग - अलग लेने के कार्य का निरीक्षण किया। इस बारे में उन्होंने नागरिकों से चर्चा भी की। साथ ही मतदाता पर्ची मिलने या नहीं मिलने की भी जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने बूढ़ापारा स्तिथ सेकेंडरी कचरा कलेक्शन पॉइंट का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों से कचरा कलेक्शन के बाद सेकेंडरी कलेक्शन पॉइंट से सूखा और गीला कचरा संकरी कलेक्शन पॉइंट में अलग - अलग पहुंचाने हेतु दो जेडएचओ नियुक्त करने के निर्देश दिए। मुख्यालय में तैनात जेडएचओ बरोन बंजारे और भूषण ठाकुर को इसकी जिम्मेदारी दी गई। दोनों को 5 - जोनों का काम हर दिन देखने तथा एक दिन संकरी ट्रेंचिंग ग्राउंड का काम भी देखने के निर्देश दिए गए हैं।

### ज़िले के 540 मतदान केंद्रों पर की जा रही लाइव वेबकास्टिंग

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 को लेकर महासमुंद ज़िले की चारो विधानसभा क्षेत्र महासमुंद-42, खल्लारी-41, बसना-40 व सरायपाली-39 में मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए इस बार ज़िले में 540 मतदान केंद्रों पर लाइव वेबकास्टिंग की जा रही है। वेबकास्टिंग की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नियंत्रण कक्ष से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। नोडल अधिकारी श्री पंकज मिश्रा कार्यपालन अभियंता हाउसिंग बोर्ड के मार्गदर्शन में नियंत्रण कक्ष में सतत नज़र रखे हुए है। उनके साथ 3-3 कर्मचारी, माइक्रो ऑब्जर्वर, तकनीकी व आईटी कुल 40 कर्मचारी मौजूद है। कैमरे बूथ उन स्थानों पर चिन्हित किए गए हैं। जहां नेटवर्किंग की व्यवस्था है। लाइव प्रसारण की जिम्मेदारी आईटी विभाग कर रहा है। इन बूथों पर तीन स्तर पर निगरानी की व्यवस्था हो रही है। विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी और रायपुर में राज्य निर्वाचन आयोग इन बूथों पर मतदान प्रक्रिया को लाइव देख रहे है। सहायक नोडल अधिकारी अंबिलकर ने बताया कि चारों विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न मतदान केंद्रों की कैमरों के माध्यम से सतत निगरानी के लिए व्यवस्थाएं की गई है।

### जिले में मई माह में होगा जयपुर फूट कैंप का आयोजन

**दंतेवाड़ा।** समाज कल्याण विभाग से जारी प्रेस विज्ञप्ति अनुसार जिले के दिव्यांगजनों, वृद्धजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण जैसे-कृत्रिम पैर (घुटने के ऊपर और नीचे दोनों), कृत्रिम हाथ (कोहनी के नीचे), कैलीपर्स, सामान्य ट्रायसायकल (हस्तचलित), व्हील चेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र आदि प्रदान करने हेतु जयपुर फूट कैम्प का आयोजन माह मई 2024 में जिले में किया जा रहा है। इसके लिए जिले में निवासरत ऐसे दिव्यांगजन एवं वृद्धजन जिन्हें जयपुर पैर या हाथ तथा अन्य उपकरण अथवा अन्य सामग्री की आवश्यकता हो, वे जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग के कक्ष क्रमांक 35 में स्वयं उपस्थित होकर अथवा श्रीमती सुरुचि मिश्रा, (सहायक वर्ग तीन) के मोबाईल नम्बर 9407640344, 7987657164 में सम्पर्क करके दिनांक 02 मई 2024 तक अपना पंजीयन करा सकते है।

# केंद्र की मोदी सरकार देश के 140 करोड़ों लोगों के लिए काम कर रही है : बृजमोहन अग्रवाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। रायपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने धरसींवा विधानसभा क्षेत्र के विधानसभा मंडल और खरोरा मंडल में जनसंपर्क कर पार्टी के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार देश के 140 करोड़ों लोगों के लिए काम कर रही है।



भाजपा का उद्देश्य महिलाओं को सम्मान, गरीबों को मकान, किसानों को सम्मान निधि और युवाओं को रोजगार दिलाना है।

सरकार गरीबों को मुफ्त में राशन देने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रख रही है। भाजपा सरकार सभी के लिए बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वचनबद्ध है। बृजमोहन ने कहा कि भाजपा सरकार में आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज किया जा रहा है। इसके साथ ही अब 70 साल की आयु के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के अंतर्गत लाया जाएगा। चाहें फिर वो किसी वर्ग का हो। इतना ही नहीं जनऔषधि केंद्रों का भी विस्तार किया जाएगा।

जिससे हर किसी को कम से कम दाम में दवाइयां मिल सकें। रायपुर में एनआईटी, लॉ यूनिवर्सिटी, आईआईआईटी, एम्स का निर्माण भी भाजपा सरकार की ही देन है। भाजपा सरकार सबको शिक्षा देने के लिए लिए आने वाले समय में 700 से ज्यादा एकलव्य स्कूलों को बनाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ मकान और बनाए जायेंगे। महिलाओं को सम्मान दिलाने के लिए मोदी ने आने वाले 5 सालों में 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने की गांरटी ली है। आज का जनसंपर्क अभियान की शुरुआत विधानसभा मंडल के आमासिवनी से हुई यहां सेदोंदेखुर्द, दोंदेकला होते हुए खरोरा मंडल के बंगोली, कुर्रा, खौना, देवगांव, मढ़ी, रायखेड़ा, मूरा, मोहरेंगा, खरोरा, केसला, बेल्दार सिवनी, बुड़ेनी, अंसौदा, और अड़सेना पहुंचे जहां अभियान का समापन हुआ। इस दौरान पूर्व विधायक देव जी भाई पटेल, विधानसभा मंडल अध्यक्ष भरत सोनी, खरोरा मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र ठाकुर, सुनील मिश्रा, गणेश यादव, शत्रुघ्न पटेल, अशोक वर्मा विजय वर्मा मोतीलाल देवांगन अनिल अग्रवाल गौरी शंकर मिश्रा समेत हजारों की संख्या में भाजपा नेतागण उपस्थित रहे।

## शादी का मंडप छोड़ वोट देने पहुंचीं दो दुल्हन, नवविवाहित जोड़ा भी पहुंचा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ की कांकेर, महासमुंद और राजनंदगांव लोकसभा सीट पर वोटिंग जारी है। दूसरे चरण में कुल 41 प्रत्याशी चुनाव मदौन में हैं, जिनके भाग्य का फैसला जनता करेगी।

कांकेर के भानुप्रतापपुर के अंदरूनी ग्राम चवेला में आज मताधिकार के महत्व को दो बहनों ने समझकर वोट डालने मतदान केंद्र पहुंची। दोनों बहनें कु. हेमलता यादव और कु. युगलकिशोरी ने हल्दी लगी हुई साड़ी पहनकर वोट डालने पहुंची। उन्होंने कहा कि मतदान के बाद शादी की रस्में निभाएंगे। बालोद के गुंडरदेही विकासखण्ड के मतदान केन्द्र क्रमांक 185 कचांदुर में दूल्हा दुगेश चन्द्राकर ने अपने पिता लेखराम चन्द्राकर



के साथ अपने बरात प्रस्थान करने के पूर्व अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उसके बाद उनका बरात ग्राम लक्ष्मणपुर छुईखदान के लिए प्रस्थान किया। दुगेश ने सभी से मतदान की अपील की। कबीरधाम जिले के सहसपुर लोहारा ब्लॉक के ओड़ियाकला मतदान केंद्र में नव विवाहित वर वधु रामेश्वर मरकाम ने मतदान किया और सेल्फी भी ली।

## मोबाइल एप्स से मिल रही है निर्वाचन प्रक्रिया में सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** निर्वाचन में सूचना प्रौद्योगिकी और नई तकनीकें अहम भूमिका निभा रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी एवं सहभागिता बढ़ाने में सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत निर्वाचन आयोग नई तकनीकों और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग निर्वाचन को और ज्यादा सुगम, निष्पक्ष तथा समावेशी बनाने में कर रहा है।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक और सजग रहना जरूरी है। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रौद्योगिकी आधारित मोबाइल एप्स विकसित कर उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया है। आयोग द्वारा विकसित विभिन्न मोबाइल एप्स के उपयोग से मतदाताओं की निर्वाचन प्रक्रियाओं में सहभागिता और सुविधा दोनो बढ़ी है।

वोटर हेल्पलाइन एप वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डाल कर बहुत ही आसानी से अपने विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। यदि एपिक नंबर नहीं मालूम है तो मतदाता अपना विवरण जैसे कि नाम, रिश्तेदार का नाम, उम्र, लिंग एवं निर्वाचन क्षेत्र की जानकारी भरकर अपना नाम मतदाता सूची में खोज सकते हैं। यदि मतदाता का मोबाइल नंबर मतदाता सूची में पंजीकृत है तो मतदाता अपना ईइएपिक भी डाउनलोड कर सकता है। मोबाइल नम्बर रजिस्टर्ड न होने की स्थिति में आवश्यक सुधार के लिए आवेदन कर ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। इस एप के जरिए मतदाता अपना नाम जोड़ने, विलोपन, स्थानांतरण या संशोधन के लिए आवेदन भी कर सकते हैं।

वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से प्रत्याशी द्वारा नामांकन के दौरान प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है। इसके जरिए मतगणना दिवस को परिणाम की अधिकृत जानकारी भी देखी जा सकती है। इस एप से निर्वाचन सम्बन्धी शिकायत भी की जा सकती है।

सी-विजिल एप - इस एप के जरिए आम नागरिक निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की तस्वीर और वीडियो को सीधे निर्वाचन आयोग को भेज सकता है। निर्वाचन के दौरान अगर किसी भी नागरिक को यह दिखता है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो वह इस एप पर अपनी शिकायत भेज सकता है। शिकायतकर्ता फोन पर सी-विजिल एप्लीकेशन डाउनलोड कर सीधे घटना की फोटो, वीडियो या आडियो अपलोड कर सकते हैं। मतदाता को रिझाने के लिए पैसे अथवा उपहार वितरण, भड़काऊ भाषण देने, मतदान केन्द्र के 200 मीटर के अंदर प्रचार जैसे मामलों की शिकायत इस एप के माध्यम से की जा सकती है।

## विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.बी.के.चन्द्रवंशी की उपस्थिति में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ.टी.जी.कुलवेदी, जिला मलेरिया अधिकारी ने शहरी क्षेत्र से आये सभी ए.एन.एम./आर.एच.ओ.(पु.),सीएचओ तथा अन्य विभाग के कर्मचारियों को मच्छर के प्रजाति से लेकर मलेरिया से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। इस दौरान मलेरिया कार्यक्रम की रूपरेखा सन् 1953 से लेकर राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम 2004 से अब तक की मलेरिया उन्मूलन हेतु किये गये संपूर्ण भारतवर्ष में मलेरिया प्रकरणों की




खोज एवं निदान कार्यों का विवरण बताया गया, जिससे मलेरिया को नियंत्रण किया जा सके।

जिले के समस्त विकासखण्डों को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर बैनर, पोस्टर, एवं अन्य संदेश के माध्यम से निचले स्तर पर प्रचार-प्रसार करते हुए विश्व मलेरिया दिवस मनाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके साथ ही रायगढ़ के शहरी क्षेत्र एवं समस्त विकासखण्ड में विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य में वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जन-जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार हेतु ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्डों में नारा लेखन एवं बैनर-पोस्टर का प्रदर्शन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य में विगत वर्षो के आकड़ो को मद्देनजर रखा जाए तो पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में मलेरिया प्रकरणों में वृहद कमी देखने को मिली है, साथ ही रायगढ़ जिला में भी विगत पाँच वर्षों से मलेरिया के केश में कमी पायी गई है। रायगढ़ जिले के 7 विकासखण्डों में से अति संवेदनशील चार विकासखण्डों में विशेष ध्यान देने की जरूरत रहती है।

सीएमएचओ डॉ. चन्द्रवंशी ने उपस्थित सभी कर्मचारियों को मलेरिया शंकास्पद जांच की ओर विशेष ध्यान देने एवं पॉजीटीव केश आने पर तत्काल इलाज कर फालोअॅप करते हुए मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। जिले के पिछले 7 साल के आकड़ों(वर्ष 2017 में 2692 केश, वर्ष 2018 में 1055केश, वर्ष 2019 में 824केश, वर्ष 2020 में 363केश एवं वर्ष 2021 में 155केश एवं 2022-23 में 133 केश) पर गौर करेगें तो मलेरिया के प्रकरणों में लगातार वृहद कमी आई है। उन्होंने कहा कि सतत प्रयास करते रहने से एवं जनमानस के सहयोग से बहुत जल्द ही रायगढ़ जिले को मलेरिया मुक्त जिले के रूप में घोषित कर सकेंगे।

## संविधान जिंदाबाद था, जिंदाबाद रहेगा - डॉ. चंदन यादव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. चंदन यादव ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस को चेतावनी दे रहा हूं कि संविधान जिंदाबाद था, संविधान जिंदाबाद है, और संविधान जिंदाबाद रहेगा। 2024 का लोकसभा चुनाव सिर्फ सत्ता का परिवर्तन का चुनाव नहीं है, दो विचारधारा का चुनाव है। संविधान बचाने का चुनाव है और देश को बनाने और बचाने का चुनाव है।

जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी जिस नीयत और नीति से 400 पार का नारा दिया था, अब वो जनता के बीच आ गया है कि उसका मतलब क्या है? कही जमीन पर कोई हकीकत नहीं था 400 से नीचे जा रहे है। जैसे-जैसे चुनाव चढ़ता जा रहा है भारतीय जनता पार्टी उसी तेज रफ्तार से नीचे जा रही है। 400 पार का क्या मतलब होता है कई बड़े नेताओं ने स्पष्ट रूप से कहा वो संविधान बदलना चाहते है। जब जनता को बात समझ आ गया तब भारतीय जनता पार्टी के नेता सफाई दे रहे है। लेकिन वो सफाई सच्चाई से परे है। भाजपा ने पहली बार ऐसा नहीं किया है, जब पहली बार एनडीए की सरकार बनी थी तब बाजपेयी की सरकार ने कॉन्स्टिट्यूशन रिव्यू कमेटी बनाया था। जिसके अध्यक्ष जस्टिस वेंकटेश चिलैय्या थे। जब-जब भाजपा की सरकार बनी है तब-तब वो संविधान में छेड़छाड़ बदलने का प्रयास करते रहे है। मैं इस देश की जनता को नमन करता हूं। देश और देश की जनता संविधान का जिंदाबाद का नारा इस देश के कण-कण में बसा हुआ है। भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस की जो मूल विचारधारा है और देश का संविधान है वे परस्पर विपरीत है। आरएसएस का विचारधारा है और हमारा संविधान कहता है आजादी के संघर्षो दौरान जो उत्पन्न हुई वो इस देश का संविधान है। देश की जनता के संघर्षो से उत्पन्न बहुत सारे हमारे परंपरा, इतिहास, स्टेटजी, सबसे बड़ा अहिंसा, तमाम ऐसे मूल्य है और तमाम हमारे बड़े-बड़े नेताओं का बहुत बड़ा संघर्ष रहा है।

डॉ. बाबा साहब अंबेडकर राष्ट्रीय कमेटी के चेयरमेन रहे, तमाम ऐसे नेता थे सभी ने मिलकर ये एक बहुत ही मजबूत संविधान बनाया है। जो भारतीयता को दर्शाता है। भारत बोले तो अनेकता में एकता है। भारत को समझना चाहेंगे तो 22 प्रमुख भाषाएं है, 1632 बोली है, 6500 जाति-उपजाति है, 52 जनजातियां है, 29 मुख्य त्योहार है, 6 मुख्य धर्म है, 27 राज्य है, 7 केंद्र शासित प्रदेश है, एक संविधान है एक बेस है। इन सब से भारत बना है।

## कुशलता पूर्वक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर निर्वाचन कार्य में दें अपनी सहभागिता : प्रेक्षक

### निर्वाचन कार्यों में सहभागिता देना बड़े ही गर्व का विषयः कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोरबा। लोकसभा निर्वाचन 2024 को सकुशल, पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त किए गए माइक्रो ऑब्जर्वर को सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा एवं कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर डॉ एम. एम. जोशी द्वारा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया।



ट्रेनिंग में माइक्रो ऑब्जर्वर को निर्वाचन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई एवं उन्हें चुनाव कार्य सुचारू रूप से संचालन हेतु अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संबित मिश्रा, निगमायुक्त श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं माइक्रो ऑब्जर्वर उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रेक्षक मीणा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य निर्वाचन की प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना है। आप सभी की ड्यूटी माइक्रो आब्जर्वर के रूप में लगाई गई है। इस हेतु आप सभी कुशलता पूर्वक सौंपें गए जिम्मेदारियों का आपसी समन्वय से निर्वहन कर निर्वाचन कार्य में सहभागिता प्रदान करें।

कलेक्टर वसंत ने कहा कि निर्वाचन कार्यों में सहभागिता देना बड़े ही गर्व का विषय है। इस हेतु आप सभी प्रशिक्षण में निर्वाचन से संबंधित अपने दायित्वों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर सौंपे गए दायित्व का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करें। उन्होंने बताया की लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले के कोरबा विधानसभा में निर्वाचन संपन्न कराने की पूरी जिम्मेदारी महिला मतदान कर्मियों को सौंपीं गई है। जिले के चिन्हित 70 से अधिक संवेदनशील पोलिंग बूथ हेतु माइक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटी लगाई गई है। जिनमें कोरबा विधानसभा के 61 मतदान केंद्र शामिल है। इन मतदान केंद्रों में महिला माइक्रो ऑब्जर्वर की ही नियुक्ति की गई है। कलेक्टर ने महिला माइक्रो ऑब्जर्वर का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आपका कार्य मतदान प्रकिया का सूक्ष्म निगरानी करना है।

मतदान दिवस को पोलिंग बूथ में सबेरे होने वाले मॉकपोल सहित मतदान की पूरी प्रक्रिया का सूक्ष्म अवलोकन करना है। साथ ही नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल उच्च अधिकारी को सूचित करना है। उन्होंने बताया कि दिनभर की सभी गतिविधियों को संबंधित प्रपत्र में संधारित करते हुए पीठासीन पदाधिकारी के साथ-साथ अन्य मतदान कर्मियों से भी जानकारी लेते रहना है।

प्रशिक्षण में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर डॉ. एम.एम.जोशी ने मतदान दिवस को माइक्रो आब्जर्वर द्वारा किये जाने वाले कार्यों के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

साथ ही माइक्रो आब्जर्वर्स को 18 विभिन्न बिंदुओं में दी जाने वाली फीडबैक रिपोर्ट के बारे में अवगत कराया। इसमें माइक्रो ऑब्जर्वर का नाम, पदनाम, आवंटित मतदान केन्द्र का नाम व नंबर, मतदान केन्द्र पर पहुंचने का दिनांक एवं समय, पीठासीन अधिकारी का नाम, कुल मतदाताओं की सूची, बनावटी मतदान समय, चुनाव प्रारंभ होने का समय, मतदान केन्द्र में सेक्टर अधिकारियों का भ्रमण मतदान केन्द्र में किसी प्रकार की हिंसा व वाद-विवाद की स्थिति, हर दो घंटे में मतदान प्रतिशत की जानकारी, मतदान दिवस में शाम 5 बजे पंक्तिबद्ध खड़े मतदाताओं की संख्या, शाम 5 बजे के बाद वोट डाले गए मतदाताओं की संख्या तथा वहां मतदान का प्रतिशत आदि के बारे में अवगत कराया गया।


















## खास खबर

### इंस्टाग्राम पर दोस्ती और प्यार अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर दुष्कर्म

**भिलाई।** सुपेला थाना क्षेत्र में युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी युवक ने पहले युवती से इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर प्रेमजाल में फंसाया। इसके बाद युवती का अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किया। इसके बाद लगातार वह धमकी देकर दुष्कर्म करता रहा। इस मामले में युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सुपेला पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने थाना सुपेला उपस्थित आकर शिकायत दर्ज कर बताया कि मकान नंबर 127 ब्राम्हण पारा वार्ड 38 काली मंदिर राजनांदगांव का रहने वाला प्रथम हरिहरनो के द्वारा वर्ष 2023 में इंस्टाग्राम में दोस्ती कर प्रेम जाल में फंसा कर शारीरिक शोषण किया गया। पीड़िता के मना करने पर पीडिता व उनके भाई को जान से मारने की धमकी देते हुए फोटो व वीडियो सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देता था। पीड़िता के रिपोर्ट पर थाना सुपेला में दुष्कर्म का रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। सुपेला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रथम हरिहरनो को घेराबंदी कर पकड़ा गया है। आरोपी से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकारते हुए पीड़िता के साथ दुष्कर्म करना स्वीकार किया है। आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक राजेश मिश्रा, एएसआई खुशबू वर्मा, आरक्षक सुरेन्द्र गिरी, सूर्यप्रताप सिंह का विशेष योगदान रहा।

# IPL सट्टा : गोवा के फ्लैट में रायपुर पुलिस ने रेड कर 8 सटोरियो का पकड़ा, 10 करोड़ के लेनदेन का खुलासा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। राजधानी रायपुर की पुलिस आईपीएल सट्टा के बड़े रैकेट को पकड़ने में सफलता पाई है। रायपुर की पुलिस ने गोवा के एक फ्लैट में रेड मारकर एक बड़े सट्टा गिरोह का पर्दाफाश किया है। इन सट्टेबाजों का भारत से लेकर एशिया मिडिल ईस्ट के एक देश तथा यूएई से भी कनेक्शन निकला है। गोवा में बैठकर एम डी 143 आईडी से आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा का संचालन कर रहे थे। गंज पुलिस व एयूसीसी की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए 8 सटोरियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफधारा 4(क) जुआ एक्ट एवं छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7 के तहत कार्रवाई की गई है।**



बता दें इन दिनों आईपीएल की खुमारी के बीच सटोरियो का कारोबार भी बढ़ गया है। रायपुर एसपी ने क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा खेलने व खिलाने वालों एवं इस कारोबार में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने के साथ ही क्रिकेट सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने के निर्देश दिए। इसी कड़ी में 22 अप्रैल को एण्टी क्राईम एण्ड सायबर यूनिट टीम को सूचना मिली कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत स्थित रेलवे स्टेशन पास एक व्यक्ति अपने मोबाईल फोन में आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान ऑनलाईन सट्टा खेल रहा है। सूचना पर मुखबिर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। टीम ने मोबाइल फोन को चेक किया और पूछताछ की गई तो पता चला गोवा से ऑनलाइन सट्टे का कारोबार चलाया जा रहा है।

इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गोवा में कैम्प कर गोवा में उपस्थित सटोरियों पर आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा गोवा में आरोपियों को लोकेट कर गोवा के एमवीआर होम्स स्थित एक फ्लैट में रेड की गई। रेड कार्यवाही के दौरान फ्लैट में 08 व्यक्ति उपस्थित थे, जो लैपटॉप व मोबाईल फोन के माध्यम से सेटअप तैयार कर ऑनलाईन सट्टा संचालित कर रहे थे। सटोरियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा आईपीएल क्रिकेट मैच के दौरान एम डी 143 के माध्यम से ऑन लाईन सट्टा का संचालन स्वीकार करने के साथ ही जय, करण एवं मोहित को इस व्यवसाय में संलिप्त होना तथा साथ में मिलकर सट्टा संचालित करना बताया गया।

### यह हैं गिरफ्तार सटोरिए

- तनुल गुरनानी पिता अमृत लाल गुरनानी उम्र 29 साल निवासी महारानी लक्ष्मी वार्ड सिंधी कालोनी सिवनी (म.प्र.)।
- शुभम माथुर पिता अरविंद माथुर उम्र 27 साल निवासी विक्रम स्कुल के पास सालासर रोड थाना कोतवाली सीकर (राजस्थान)।
- नीरज मूलचंदानी पिता राजेश मूलचंदानी उम्र 21 साल निवासी गली नंबर 02 महादेव मंदिर के पास थाना तेलीबांधा रायपुर।
- श्याम सुंदर जगत पिता रामसिंह जगत उम्र 35 साल निवासी ग्राम भैंसतरा थाना बलौदा जिला जांजगीर-चांपा।
- पवन कुमार शेखावत पिता सांवरमल शेखावत उम्र 31 साल निवासी ग्राम पोस्ट कबीरसर थाना बिसाहू जिला झुनझुनु मण्डावा (राजस्थान)।
- रोहित आहुजा पिता राजकुमार आहुजा उम्र 30 साल निवासी माधवनगर कुंदनदास स्कुल शांति नगर कालोनी थाना माधवनगर कटनी (म.प्र.)।
- शुभम बजाज पिता स्व. राजेश बजाज उम्र 25 साल निवासी रानी रोड जयभोले प्रोडक्ट गनवारपारा लक्ष्मण बेकरी के पास थाना कोतवाली जिला कोरबा।

### चार लैपटॉप सहित 10 लाख का मशरुका जब्त

पुलिस की टीम ने 8 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 लैपटॉप, 1 कैमरा, 1 केल्कूलेटर, 27 मोबाइल फोन, 1 राउटर एवं लिंक कनेक्टर जुमला कीमती लगभग 10 लाख रुपए तथा 11 एटीएम कार्ड एवं 1 चेक बुक जब्त किया है। सटोरियों के पास जब्त मोबाइल फोन में लगभग 10 करोड़ रुपए के लेन-देन की जानकारी प्राप्त हुई है। सटोरियों ने एमडी 143 आईडी को 25 लाख रुपए में लिया था। जय, करण एवं मोहित वाईफाई कैमरे के माध्यम से गोवा के फ्लैट में उपस्थित गिरफ्तार सटोरियों पर नजर रखते थे। अंशु तथा करीम नामक व्यक्ति चेकर थे, जो यूएई से इन सबकी गतिविधियों पर नजर रखते थे। गिरफ्तार आरोपियों ने अपने पास 7 नग की-पेड का नया डब्बा पैक मोबाइल फोन रखें थे जिन्हें वे बदल-बदल कर सट्टा संचालन में उपयोग करने वाले थे। इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

## सिद्धबाबा मंदिर में दानपेटी की चोरी पुजारी निकला मास्टर माइंड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मनेन्द्रगढ़।** छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़ स्थित प्रसिद्ध सिद्धबाबा मंदिर में हुए दान पेटी की चोरी के मामले में मंदिर का पुजारी ही मास्टरमाइंड निकला। इस मामले में मंदिर समिति के विकास श्रीवास्तव निवासी वार्ड नंबर-2 रेलवे कॉलोनी ने मनेंद्रगढ़ थाने में मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

शिकायत में उन्होंने बताया कि अनिल बाबा 23 अप्रैल की रात में करीब 11 बजे खाना खाकर घर से वापस मंदिर आए तो देखा कि दान पेटी को कोई अज्ञात चोरी चुरा ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पता चला कि मनी मोहल्ले के रहने वाले मोहम्मद समीम रात में सिद्धबाबा मंदिर की ओर घूम रहा था। मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर समीम खान को घेराबंदी करके पकड़ लिया। पूछताछ करने पर समीम ने बताया कि उसने सिद्ध बाबा मंदिर के पुजारी अनिल कुमार के साथ मिलकर चोरी की। इसके बाद



पुलिस ने अनिल कुमार को भी पकड़ा।

पुलिस ने आरोपी मो. समीम खान के कब्जे से 4,189 रुपये बरामद किए और अनिल कुमार उर्फ अमरनाथ बाबा के कब्जे से तीन हजार रुपये बरामद किए। साथ ही दानपेटी भी बरामद की। संपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक अमित कश्यप, थाना प्रभारी मनीष तिवारी, प्रधान आरक्षक इस्तयाक खान, पुष्कल सिन्हा, राकेश शर्मा, आरक्षक जितेंद्र ठाकुर, राकेश तिवारी, प्रदीप लकड़ा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गोकुल नगर में ललित कबाड़ी के गोदाम पर पुलिस की रेड, तीन ट्रक के साथ लाखों का कबाड़ जब्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर के एक बार फिर नामी कबाड़ी के यहां पुलिस की रेड पड़ी है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली कि जामुल थाना क्षेत्र के गोकुल नगर में ललित कबाड़ी द्वारा भारी मात्रा में चोरी के वाहनों को काट कर ट्रकों के जरिए बाहर भेजा जा रहा है। बुधवार की देर रात पुलिस की टीम ने रेड की और मौके से तीन ट्रकों में लोड कबाड़ जब्त किया। जब्त कबाड़ की कीमत लाखों में है। पुलिस ने इस मामले में धारा 41 (1+4) व 379 के तहत कार्रवाई की।

मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर के जरिए पुलिस को सूचना मिली कि थाना जामुल क्षेत्र के गोकुल नगर में ललित कबाड़ी द्वारा यार्ड बनाकर उसमें बड़ी मात्रा में चोरी के वाहन की कटिंग कर उसका कबाड़ ट्रकों मे लादकर बाहर भेजा जा रहा है। सूचना पर जामुल थाने व एंटी क्राइम व साइबर यूनिट की संयुक्त टीम ने गोकुल नगर स्थित ललित कबाडी के गोदाम में रेड किया। रेड के दौरान पुलिस ने पाया कि गोदाम में पुराने वाहन को कटिंग कर कबाड के रूप में तबदील कर बाहर भेजने तैयारी की जा रही थी। इसके लिए अलग अलग ट्रक में कबाड़ लोड किया जा रहा था।

मौके पर ललित कबाड़ी का मैनेजर राकेश





मिश्रा उपस्थित मिला। यार्ड में ट्रक क्रमांक सीजी 07 सी 1765, सीजी 07 सी 6287 एवं सीजी 04 जेड डी 8727 मिला जिसमें भारी मात्रा में कबाड़ लोड किया गया था। मौके पर एक बिना नंबर की टाटा नैनो कार सफेद रंग, एक पुरानी बाईक का चेचिस नवंर DFFBJA57001 एवं सवमार्शियल पम्प मिला। इसके सबंध में मौके में उपस्थित राकेश मिश्रा कुछ बता न सका। इसके बाद ट्रक में लोड कबाड सामान के सबंध में पूछताछ कर धारा 91 के तहत नोटिस दिया गया। आरोपी द्वारा उक्त कवाड सामान एवं नैनो कार, पुरानी बाईक की चेचिस, सवमर्शियल पंप के सबंध में अपने पास किसी प्रकार का खरीदी बिकी संबंधी कागजात रसीद नहीं होना लिखित में दिया।

मौके पर पुलिस ने गवाहों की उपस्थिति में कबाड़ से भरे ट्रक कमांक सीजी 07 सी 1765, सीजी 07 सी 6287 एवं सीजी 04 जेड डी 8727 को जब्त कर वाहनों मे लदे कबाड सामान को धर्मकांटा से तौल कराया गया। ट्रक कमांक सीजी 07 सी 1765 में 15,790 टन, ट्रक कमांक सीजी 07 सी 6287 में 20 टन 600 एवं ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेड डी 8727 में 7.950 किलो जुमला कीमती 60,00,000 रुपए जब्त किया गया। साथ ही यार्ड मे आपत्तिजनक सामाग्री पाये जाने से उसे सील भी किया गया।

## देशी शराब दुकान में बंदूक की नोक पर 3 लाख की लूट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** जिले के पाली थाना क्षेत्र के एक देशी शराब की दुकान में सेंधमारी हो गई। बुधवार रात को शराब की दुकान में चेहरे पर नकाब बांधे बदमाशों ने बंदूकी की नोक पर दो लाख 93 हजार नगदी लूट लिए। सेल्समेन कुछ समझ पाता उससे पहले की लुटेरे भाग गए। घटना की सूचना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। पाली पुलिस लुटेरों की तलाश में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना उस समय घटी जब देशी शराब की दुकान को बंद करने की तैयारी की जा रही थी। लगभग 9:45 बजे देशी शराब की दुकान पर तीन नकाबपोश युवक बाइक पर पहुंचे। वे तेजी से सीधे शराब दुकान के भीतर जा घुसे। इनमें से एक बदमाश दुकान के दरवाजे में खड़ा था, जबकि एक बदमाश ने कर्मचारी की कनपटी पर बंदूक रख दी। वहीं तीसरा रुपयों को समेटने में लगा रहा। कुछ ही मिनट




के भीतर नकाबपोश बदमाश दो लाख 93 हजार रुपए नगदी को समेट कर फरार हो गए।

इधर लुटेरे भागे और उसके बाद दुकान के कर्मचारियों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस भी हरकत में आ गई। आला अधिकारियों के निर्देश पर पूरे जिले में नाकेबंदी कर दी गई। इसके साथ ही पूरी रात संदिग्धों की तलाश की जाती रही, लेकिन किसी का सुराग नहीं मिल सका। लूट की इस घटना की पुलिस अलग अलग एंगल से जांच कर रही है। कहीं इस पूरे वारदात में सेल्समेन की संलिप्तता तो नहीं है इसकी भी जांच की जा रही है।

## एडल्ट फिल्म देखने के आदी युवक की घिनौनी करतूत, पांच साल की मासूम से किया दुष्कर्म

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छावनी थाना क्षेत्र में बेहद ही शर्मनाक घटना सामने आई है। यहां एक 24 साल के युवक ने पांच साल की बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाया। युवक मोबाइल पर पोर्न फिल्में देखने का आदी है और वह चाट गुपचुप का ठेला लगाता है। बच्ची से दुष्कर्म की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने इसकी शिकायत दर्ज कराई। थाने में शिकायत होने के बाद युवक फरार हो गया। पुलिस ने गुरुवार को रेलवे पुलिस की मदद से भाटापारा रेलवे स्टेशन से आरोपी को गिरफ्तार किया।

छावनी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस संबंध में बुधवार की शाम को थाने में पहुंची दंपति ने शिकायत दर्ज कराई। दंपति ने अपनी शिकायत में बताया कि चाट गुपचुप ठेला लगाने वाले शुभम गुप्ता उर्फ विजय (24) ने उनकी 5 साल की बच्ची से गलत काम किया है। आरोपी युवक शुभम गुप्ता अंबेडकर नगर वार्ड 20 कैंप 1 गुपचुप मोहल्ला में रहता है। दंपति ने बताया कि 23 अप्रैल को शुभम गुप्ता ले बच्ची को चॉकलेट



देने का बहाना कर अपने पास बुलाया और अपने घर के सेकंड फ्लोर पर कमरे में ले जाकर उससे दुष्कर्म किया।

परिजनों को इसकी जानकारी रात में तब हुई तक बच्ची दर्द के कारण सो नहीं पा रही थी। पिता ने बच्ची से पूछा तो उसने गुपचुप वाले अंकल की कारस्तानी बताई। इसके बाद दंपति बच्ची को डॉक्टर के पास ले गई तो डॉक्टर ने भी गलत काम की ओर इशारा किया। इसके बाद दंपति ने छावनी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में छावनी पुलिस ने शुभम गुप्ता के खिलाफ धारा 376,क्ष और 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए टीम उसके घर भेजा।

### आरोपी हुआ फरार

शुभम गुप्ता को इस बात की भनक लग गई कि उसके खिलाफ थाने में शिकायत हो गई है तो उसने यूपी भागने का प्लान बनाया। वह यूपी भागने के लिए नवतनवा एक्सप्रेस में सवार हो गया। इधर छावनी पुलिव साइबर की टीम ने आरोपी का मोबाइल लोकेशन निकाला तो पता चला कि वह ट्रेन से कहीं जा रहा है। इसके छावनी पुलिस ने आरपीएफ की मदद से घेराबंदी की। फोटो सेंड होने के बाद भाटापारा रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने आरोपी शुभम गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया। छावनी पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

## पति का मित्र बताकर विधावा महिला से लाखों की ठगी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में विधवा महिला से लाखों की ठगी का मामला सामने आया है। शातिर ने महिला को बैंक कर्मी और उसके पति का पुराना मित्र होने की बात कही। इसके बाद महिला को आरडी खात खुलवाने दबाव डाला। महिला जब उसके झांसे में आ गई तो उसने उसके खाते से 8 लाख रुपए से ज्यादा का ट्रांजेक्शन कर दिया। जब इसकी जानकारी महिला को हुई तो उसने शातिर से पूछा तो उल्टे जान से मारने की धमकी देने लगा। इस मामले में महिला की शिकायत पर सक्ती पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।




यह पूरा मामला सक्ती जिले के जैजैपुर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार विधवा महिला ने जैजैपुर थाने में 14 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। चार मार्च को निलेश कुमार यादव घर आया और कहने लगा कि आपके पति से मेरी पुरानी पहचान है। मैं एचडीएफसी बैंक चांपा में काम करता था। वहीं आर डी खाता खोलने की बात कही और मोबाइल मांग कर मोबाइल का पासवार्ट एवं एचडीएफसी बैंक का खाता और कोड पूछने पर महिला ने बता दिया। इसके बाद निलेश कुमार यादव ने दूसरे के खाते में महिला के खाते से 8 लाख 40 हजार 715 रुपये ट्रांसफर कर दिए। महिला की शिकायत पर जैजैपुर थाना में धारा 420 के तहत मामला दर्ज किया गया।

पुलिस इस मामले में निलेश कुमार यादव की तलाश कर रही थी। इस बीच उसे पता चला कि महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद वह विधवा महिला के घर पहुंचकर शिकायत वापस लेने दबाव बनाने लगा। उसने पैसे लौटाने से मना कर दिया और जान से मारने की धमकी भी देने लगा। पुलिस को इसकी जानकारी मिली तो उसने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी निलेश यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ऋचा पिता जनक लाल साहू निवासी मकान नं 177 मांझी पारा मुड़पार, नारधा जिला दुर्ग पिन 490024 (छ.ग.) यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम ऋचा साहू पिता जनक लाल साहू रख ली हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम ऋचा साहू पिता जनक लाल साहू से ही जाना पहचाना जावे।

ऋचा साहू
मकान नं 177 मुड़पार,
नारधा जिला दुर्ग पिन 490024
(छ.ग.)

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें
9303289950, 9827806026
8962815243

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

## खास - खबर

### गंदगी फैलाने वाले से निगम ने वसुला दाण्डिक शुल्क

**भिलाई।** नगर पालिका निगम भिलाई की टीम क्षेत्र में नियम विरुद्ध कार्य अथवा निर्माण करने वाले लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है । जोन 2 एवं 4 के टीम ने कचरा फेंकने वाले तथा गंदगी फैलाने वाले से 11000 रुपए दाण्डिक शुल्क वसूल किया है। भिलाई निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर निगम प्रशासन की टीम क्षेत्र में होने वाले नियम विरुद्ध कार्य पर निगरानी रख रही है जोन 4 की राजस्व टीम राजस्व करो कि वसूली करते हुए अद्यौगिक क्षेत्र छावनी पहुंचा तो देखा कि वार्ड 41 में पी.डी.एस. भवन के पास बलजीत सिंह कुर्रे ने सीमेंट के डस्ट से गंदगी फैला रखा रहा है। आस पास के लोगो ने बताया कि हवा तुफान में ये डस्ट उड कर साँसो में समा रहा है । निगम टीम के सदस्यो ने कुर्रे से दस हजार रूपये दाण्डिक शुल्क वसुलते हुए सीमेंट कार्य को घनी आबादी से हटाने को कहा है। इसी प्रकार जोन 2 के स्वास्थ अमले ने बोरी में भर कर मैदान में कचरा फेकने वाले सागर जायसवाल से एक हजार रूपये अर्थ दण्ड वसुल किया है। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील किया है कि कचरा नाली अथवा खुले मे नही फेंके घर तथा दुकान से निकलने वाले कचरे को डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाले सफाई मित्रो को देवें।

### सामान्य प्रेक्षक श्रीकेश लाठकर ने किया पाटन क्षेत्र के मतदान केन्द्रों का भ्रमण

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय क्षेत्र निर्वाचन क्रमांक 07 दुर्ग के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्रीकेश लाठकर (आईएएस) ने विगत 24 अप्रैल 2024 को विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 62 पाटन अंतर्गत कुम्हारी, कुकदा, पतोरा, सेलूद, ठकुराईन टोला, अखरा, डीडाभाठा (रानीतराई), जामगांव (आर) आदि ग्रामों के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। जिसमें संगवारी मतदान केन्द्र, दिव्यांग मतदान केन्द्र तथा क्रिटिकल मतदान केन्द्र भी शामिल थे। उन्होंने अधिकारियों को मतदान केन्द्रों हेतु आवश्यक व्यवस्थायें जैसे पेयजल, शेड आदि संबंधी व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया। जहां एक से अधिक मतदान केन्द्र है, वहां मतदान कक्षों तक जाने मार्ग चिन्हित करने निर्देशित किया है।

### आबकारी विभाग दुर्ग ने की जिले के बस स्टेशनों एवं मुख्य मार्गों की सघन जांच

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले में अवैध मदिरा विक्रय के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा लोकसभा निर्वाचन को सफल बनाये रखने हेतु चुनाव में मादक द्रव्यों की उपयोगिता के रोकथाम के उद्देश्य से अलग-अलग संदिग्ध एवं अपराधिक क्षेत्रों में सतत् जांच की कार्यवाही की जा रही है। विभाग द्वारा जिले के अन्तर्गत आने वाले होटल, ढाबों तथा रेलवे स्टेशन दुर्ग से आने-जाने वाले रेल यात्रियों की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग दुर्ग द्वारा 24 अप्रैल 2024 की रात्रि 2.30 से प्रातः 5 बजे तक महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश से आने वाली यात्री बसों एवं चार पहिया वाहनों का पुलगांव चौक पर सघन जांच किया गया। जांच के दौरान बस ड्राइवरों एवं कण्डक्टरों को किसी भी प्रकार की संदिग्ध व्यक्ति अथवा संदिग्ध सामग्री का पहचान होने पर कार्यालयीन टेलीफोन नम्बर 0788-2325836 पर तत्काल सूचना दिए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# ब्रह्माण्ड की शुरुआत में मॉन्स्टर ब्लैक होल की उत्पत्ति पर आईआईटी भिलाई के पीएचडी छात्रों का शोध

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। ब्रह्माण्ड की शुरुआत में सुपरमैसिव मॉन्स्टर ब्लैक होल के उद्भव के लिए भी डार्क मैटर ही जिम्मेदार था। इस विषय पर शोध कर अब भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) भिलाई के भौतिकी विभाग के वैज्ञानिकों, पीएचडी छात्र रितिक शर्मा और उनके गाइड डॉ महावीर शर्मा ने युवा ब्रह्मांड में नवगठित आकाशगंगाओं में सुपरमैसिव ब्लैक होल की उत्पत्ति की वजह ढूंढ निकाली है, जो रॉयल एस्ट्रोनॉमिकल सोसाइटी के जर्नल एमएनआरएएस में प्रकाशित हुई है। इस मौलिक शोधपत्र के लेखक रितिक शर्मा और डॉ. महावीर शर्मा ने बताया कि केंद्रीय ब्लैक होल के लिए दूसरा तीव्र वृद्धि चरण बेहद महत्वपूर्ण होता है और आकाशगंगा का डार्क मैटर इसका जिम्मेदार है।



डार्क मैटर मतलब अदृश्य पदार्थ, इसे हम देख नहीं सकते लेकिन ये हर जगह है और यह हमारे ब्रह्मांड की वास्तविकता है। आकाशगंगाएँ भी डार्क मैटर के अंदर ही पनपती हैं। वास्तव में, डार्क मैटर की एक 'अदृश्य' गोलाकार सरंचना के अंदर मौजूद 'दृश्य' सितारों के समूह को ही आकाशगंगा कहते हैं। डार्क मैटर हमारे ब्रह्माण्ड की हकीकत है और यह सर्वव्यापी आधार संरचना है जिसमें रंग बिरंगी आकाशगंगाएं और उनके भीतर तारे विकसित होते हैं, जो हमें रात को आकाश में नजर आते हैं।

शोध के द्वारा बताया गया कि लगभग हर आकाशगंगा के केंद्र में एक अत्यधिक भारी ‘सुपरमैसिव’ ब्लैक होल होता है, यहां तक कि हमारी अपनी आकाशगंगा में भी, जो एक मॉन्स्टर(दैत्य) की तरह अपने आस पास के पदार्थ और सौरमंडलों को निगलता रहता है। ऐसे मॉन्स्टर ब्लैक होल आमतौर पर सामान्य ब्लैक होल की तुलना में दस लाख गुना अधिक भारी होते हैं। ऐसा माना जाता है कि वे एक अरब वर्ष से अधिक के जीवनकाल के दौरान आकाशगंगा के तारामंडलों को निगल कर बढ़ते हैं। लेकिन हाल ही में नवगठित आकाशगंगाओं में भी ऐसे ही मॉन्स्टरब्लैक होल्स की मौजूदगी का पता चला है; हालाँकि तब ब्रह्मांड युवा था, और इसकी आयु केवल 4 करोड़ वर्ष थी जोकि वर्तमान आयु 14 अरब वर्ष की तुलना में बेहद कम है। उस समय हमारा सौरमंडल तो दूर, हमारी आकाश गंगा दुग्ध मेखला भी अस्तित्व में नहीं थी, लेकिन मॉन्स्टर ब्लैक होल बन चुके थे जो कि एक अनसुलझा रहस्य है। इस अध्ययन से पता चला है कि केंद्रीय ब्लैक होल का विकास दो चरणों में होता है। शुरुआती पहले चरण में, केंद्र में एक छोटा ब्लैक होल धीमी गति से बढ़ता है, जोकि सर्वविदित है और ये बात ब्रिटिश भौतिक विज्ञानी हरमन बॉन्डी ने 1949 में प्रस्तावित की थी। इसी कड़ी में भारतीय वैज्ञानिकों ने अब सुझाया है की, पहले धीमे चरण के बाद, फिर एक महत्वपूर्ण दूसरा चरण होता है, जिसमें आकाशगंगा का डार्क मैटर, केंद्रीय ब्लैक होल के बढ़ने की रफ़्तार को अपने नियंत्रण में ले लेता है, और इसे कई गुना बढ़ा देता है, जिससे ब्लैक होल का तेजी से विकास होता है और वह एक ऐसे मॉन्स्टर ब्लैक होल में तब्दील हो जाता है, जिसका द्रव्यमान लाखों सूरज से भी अधिक होता है।

ये बता दें की नासा द्वारा पिछले साल लॉन्च किए गए जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप द्वारा ब्रह्मांडीय भोर में हाल ही में कई ऐसे मॉन्स्टर ब्लैक होल खोजे गए थे, और अब भारतीय वैज्ञानकों के शोधपत्र ने इनकी उत्पत्ति का रहस्य उजागर कर दिया है।

## सीएसआर विभाग द्वारा आयोजित त्रैमासिक कशीदाकारी प्रशिक्षण शिविर का समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग के तत्वाधान में, नारी सशक्तिकरण के उद्देश्य के अंतर्गत, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सीएसआर सेक्टर-5 में, कशीदाकारी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था। इस कशीदाकारी प्रशिक्षण शिविर में कुल 30 महिलायें शामिल थी। इसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ, पारिवार के आर्थिक सहयोग में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को बढ़ाना था। यह प्रशिक्षण 3 महीने तक प्रदान किया गया।

इस शिविर का शुभारंभ 11 दिसम्बर 2023 को तथा समापन 23 मार्च 2024 को हुआ। जिसका समापन समारोह 24 अप्रैल 2024 को आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (पर्सनल-वर्क्स) शीजा मैथ्यू उपस्थित थी। कार्यक्रम में महाप्रबंधक (सीएसआर) शिवराजन नायर, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर) सुशील कामड़े सहित उप प्रबंधक के के वर्मा मौजूद रहे। शीजा मैथ्यू ने सीएसआर के इस पहल और सभी महिलाओं के कशीदाकारी कार्य की सराहना की। उन्होंने सभी महिलाओं को इस कार्य से रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और शुभकामनाएँ दी। उन्होंने अन्य जरूरतमंद महिलाओं को भी प्रशिक्षित करने और अपने कार्य से देश की अर्थव्यवस्था में भागीदार बनने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया।

इस शिविर में महिलाओं को प्रशिक्षण देने हेतु प्रशिक्षक श्रीमती निशा गोयल का विशेष योगदान रहा। श्रीमती निशा गोयल छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प बोर्ड द्वारा पंजीकृत प्रशिक्षिका हैं। इस प्रशिक्षण हेतु शहरी क्षेत्र का चुनाव करने का मुख्य कारण, ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा शहरी क्षेत्रों में कढ़ाई के प्रति अधिक रुझान है। इस शिविर में विभिन्न कढ़ाई जैसे जरदोजी, गोटापट्टी, मिरर, फुलकारी, चिकनकारी, कांथा, कसूती आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं ने कुशन कवर, बेड शीट, टेबल क्लॉथ, फ्रेम वर्क, दुपट्टा, हुप आर्ट, कुर्ती तथा सूती की साडियों में कढ़ाई करना सिखा।

## दामाद ने ससुर पर की एयरगन से फायरिंग पत्नी के मायके में रहने से था नाराज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के सुपेला थाना क्षेत्र में दामाद ने ससुर पर एयर पिस्टल से फायरिंग कर दी। पत्नी के मायके में रहने नाराज था और गुरुवार को जब लेने पहुंचा तो विवाद हुआ। इस दौरान दामाद ने फायरिंग कर दी। इससे ससुर की आंख के नीचे में एयर पिस्टल से निकली गोली का छर्रा लगा। पहले तो उन्हें शास्त्री अस्पताल ले जाया गया जहां से स्पर्श अस्पताल में भर्ती किया गया। फिलहाल पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



मिली जानकारी के अनुसार सुपेला लक्ष्मी नगर निवासी चंद्रभूषण की शादी पांच रास्ता सुपेला निवासी ओम प्रकाश राय की बेटी से हुई थी। शादी के बाद सब ठीक थी। कुछ दिन पहले चंद्रभूषण से विवाद कर उसकी पत्नी मायके चली गई। इसके बाद चंद्रभूषण ने कई बार बात की और वापस बुलाया लेकिन वह नहीं लौटी। बताया जा रहा है कि गुरुवार को चंद्रभूषण एयर पिस्टल लेकर अपने दोस्त के रोशन के साथ अपनी बेटी को लेने ससुराल पहुंचा। बेटी को ले जाने गाड़ी में बैठा ही रहा था कि ससुर ओमप्रकाश से उसका विवाद हो गया।

इस दौरान ससुर और दामाद के बीच जमकर बहस हुई और दामाद ने ससुर पर एयरगन से हमला कर दिया। इससे ओम प्रकाश बुरी तरह घायल हो गया।

घटना की सूचना सुपेला पुलिस को दी गई। मामले में सुपेला पुलिस ने आरोपी दामाद और उसके दोस्त के खिलाफ धारा 307, 34 के तहत अपराध कायम कर आरोपी दामाद चंद्रभूषण सिंह के दोस्त रोशन को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आरोपी दामाद चंद्रभूषण फरार है।

## बीएसपी कर्मचारियों ने 34वीं सीआईआई राष्ट्रीय कार्य-कौशल प्रतियोगिता-2024 में जीते 9 पुरस्कार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कुल 09 कर्मचारियों ने, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा, 18 से 20 अप्रैल 2024 तक नई दिल्ली में आयोजित, 34वीं सीआईआई राष्ट्रीय कार्य-कौशल प्रतियोगिता 2024 में पुरस्कार जीते हैं। देश भर के विभिन्न निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों के 211 प्रतिभागियों के बीच, बीएसपी के कर्मचारियों ने छह ट्रेडों में जीत हासिल की है।



जिसमें कारपेंट्री, इलेक्ट्रिकल, इंडस्ट्रीयल हाइड्रोलिक्स, पीएलसी, टर्नर और वेल्डर ट्रेड शामिल हैं। इस उपलब्धि के लिए निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने 25 अप्रैल 2024 को इस्पात भवन में, विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरुप, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक तापस दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक निशा सोनी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

नई दिल्ली में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्य कौशल प्रतियोगिता 2024 में बीएसपी के कुल 13 कर्मचारियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। जिनमें से 09 ने प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एसएमएस-2 के प्रमोद भोंडेकर ने कारपेंट्री ट्रेड में प्रथम पुरस्कार जीता, जबकि एमआरडी के रामसजन ने कारपेंट्री ट्रेड में दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया। पीबीएस-2 के कार्तिक राम भगत ने इलेक्ट्रिकल ट्रेड में दूसरा पुरस्कार और सीओ एवं सीसीडी के अखिलेश कुमार ठाकुर ने इंडस्ट्रीयल हाइड्रोलिक्स ट्रेड में दूसरा पुरस्कार जीता।

ए एंड डी विभाग से कुंचे साई किरण ने पीएलसी ट्रेड में प्रथम पुरस्कार तथा बीएफसी एवं एसजीपी के अखिल कुमार राठौड़ ने इसी ट्रेड में दूसरा पुरस्कार हासिल किया। दल्ली मैकेनाइज्ड माइंस के ईश्वर लाल डडसेना ने टर्नर ट्रेड में प्रथम पुरस्कार जीता, जबकि बीआरएम के विजय महादेवराव वारघने ने टर्नर ट्रेड में दूसरा स्थान प्राप्त किया। साथ ही वेल्डर ट्रेड में मार्स-3 के परमेशर को प्रथम पुरस्कार मिला। इस अवसर पर अनिर्बान दासगुप्ता ने प्रतियोगिता के विजेताओं को संगठन का नाम रौशन करने के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आयुक्त ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर नगर पालिक निगम सीमा अंतर्गत मतदान केंद्रों का आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और परेशानी मुक्त तरीके से कराने के लिए समन्वय से काम करने का निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी का विशेष ध्यान रखते हुए पेयजल, छाँव में बैठक की व्यवस्था के साथ कूलर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों की तैयारियों के विभिन्न पहलुओं पर अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्वाचन एवं मतदान केंद्रों की तैयारियों से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि गर्मी में मतदाताओं को परेशानी ना हो। मतदाताओं के लिए पेयजल, छांव वाले स्थान, महिला पुरुष के लिए अलग अलग प्रसाधन एवं कूलर की व्यवस्था किए जाएं। शहरी क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, नारायण सिंह यादव,भुवनदास साहू आदि मौजूद रहें। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कहा इसी प्रकार मतदान केन्द्रों पर आश्रित न्यूनतम सुविधाएं जैसे पीने का पानी, शमियाना शेड, का स्थायी रैम्प और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष व्यवस्थित करने को कहा।

# घरों से अब मिक्स कचरा नहीं लेगा निगम, नाम भी करेंगे सार्वजनिक

श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। नगर निगम क्षेत्र में मिक्स कचरा देने वालों पर शामत आने वाली है। बार बार की समझाइश के बाद भी मिक्स कचरा दिया जा रहा है। इसे देखते हुए अब निगम प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने निर्देश दिया है कि अब ऐसे घरों से कचरा कलेक्ट नहीं होगा जो मिक्स कचरा देते हैं। यही नहीं मिक्स कचरा देने वाले स्वच्छता के दुश्मन का नाम अब सार्वजनिक किया जाएगा।



निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने ऐसे घरों को सूची बद्ध करने निर्देश दिए है जो संमझाइस के बाद भी मिक्स कचरा दे रहे है। तैयार सूची का प्रकाशन सार्वजनिक जगहों पर स्वच्छता के दुश्मन के नाम से किया जाएगा।

सूची के आधार पर नाम वाला फ्लैक्स तैयार किया जाएगा। आयुक्त ने यह भी निर्देश दिए है कि अंतिम चेतावनी के बाद सुधार नहीं होने पर उस घर से निगम कर्मचारी कचरा लेना बंद कर दे। गीला व सूखा कचरा अलग अलग देने पर ही कर्मचारी संग्रहण कार्य को नियमित करे।उल्लेखनीय है कि रिहायसी क्षेत्रों से निकलने वाले कचरे को पूर्ण रूप से डिस्पोज करने रिसाली निगम पिछले 3 दिनों से अभियान चला रही है। लोगों को गीला व सूखा कचरा अलग अलग देने अपील कर रहे है। इसके बाद भी कई घरों से मिक्स कचरा निकल रहा है।

### वार्ड वार बनेगी सूची

खास बात यह है कि रिसाली निगम के 70 से भी ज्यादा अधिकारी व कर्मचारी अभियान में लगे है। सूखा व गीला कचरा अलग अलग रखने अपील कर रहे है। शुक्रवार से कचरा संग्रहण कार्य में लगे 64 कर्मचारी सूची बनाने का कार्य करेंगे। उल्लेखनीय है कि चार माह पहले रिसाली निगम ने घर घर डस्ट बीन का वितरण किया था। कर्मचारी हरा व नीला बाल्टी घरों तक पहुंचाया था। वर्तमान में कचरा रखने कुछ लोग ही बाल्टी का उपयोग कर रहे है। अधिकाश घरों में पुरानी बाल्टी में कचरा रखा जा रहा है, वही कई लोग पालीथिन में कचरा एकत्र कर दे रहे है। ऐसे लोगों को भी निगम चेतावनी दे रहें है।

# डाक मतपत्र के लिए सुविधा केन्द्र हुआ स्थापित

**अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बीआईटी कॉलेज में, पुलिस बल के लिए रक्षित केन्द्र दुर्ग में**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में दुर्ग जिले के मतदाता (जिला दुर्ग एवं अन्य जिले में कार्यरत) जो कि मतदान दिवस पर चुनाव कार्य में जैसे मतदान दल, सेक्टर ऑफिसर, माइक्रो आब्जर्वर, सुरक्षाकर्मियों, एस.एस.टी., एस.एफटी. तथा वाहन चालक, क्लीनर के रूप में ड्यूटी पर तैनात रहेंगे को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराये जाने हेतु विधानसभावार बीआईटी कॉलेज दुर्ग में सुविधा केन्द्र बनाया गया है।

सुविधा केन्द्रों में डाक मतपत्र के द्वारा मतदान हेतु निर्धारित संपूर्ण प्रक्रिया का पालन कराए जाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक सामग्री/दस्तावेज कोषालय से सुविधा केन्द्र एवं वापसी हेतु प्रभारी नियुक्त किया गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र पाटन (62) के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 22, दुर्ग ग्रामीण (63) के लिए साइंस ब्लाक भूतल तल क्रमांक 05, दुर्ग शहर (64) के लिए साइंस ब्लाक भूतल तल क्रमांक 06 एवं 07 के लिए प्रभारी अधिकारी नायब तहसीलदार धमधा धर्मेश श्रीवास्तव एवं अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग पवन ठाकुर को नियुक्त किया गया है।

भिलाई नगर (65) के लिए साइंस ब्लाक भूतल तल क्रमांक 08, वैशाली नगर (66) के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 01, अहिवारा (67) के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 05 को सुविधा केन्द्र बनाया गया है, जिसके लिए नायब तहसीलदार दुर्ग ज्योत्सना कलिहारी एवं दाल सिंह बिसेन को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार साजा-68 (आंशिक) के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 13 और बेमेतरा-69 (आंशिक) के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 12 तथा अन्य जिले के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 10 को सुविधा केन्द्र बनाया गया है, जिसके लिए तहसीलदार धमधा पंचराम सलामे एवं अतिरिक्त तहसीलदार गुरूदत्त पंचभागे को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

उक्त अधिकारी मतदान हेतु आवश्यक सामग्री प्राप्त कर सुविधा केन्द्र स्थल में मतदान दल को उपलब्ध कराएंगे तथा मतदान पश्चात डाकमतों को सील बंद करके स्ट्रांग रूम कोषालय में जमा कराएंगे। मतदान करने की तिथि 28 अप्रैल से 1 मई 2024 को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक और 4 से 5 मई 2024 को प्रातः 9 से शाम 5 बजे तक का समय निर्धारित है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950